**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

# विजडम इंडिया

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com
लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 15 अंकः 194 लखनऊ, शनिवार 07 मार्च 2026 मूल्यः 02 रूपये पृष्ठ- 08

## वैश्विक अनिश्चितता के बीच राजनाथ सिंह का आत्मनिर्भर मंत्र, डिफेंस एक्सपोर्ट का लक्ष्य 29,000 करोड़

एजेंसी।
दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वैश्विक अनिश्चितताओं और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधानों का हवाला देते हुए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर दिया, जो सरकार के संकल्प की पुष्टि करता है। उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य और तकनीकी बदलावों के बीच भारत को आत्मनिर्भर बनकर ही प्रासंगिक रहना होगा, जिसका लक्ष्य रक्षा निर्यात को बढ़ाना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड और एक निजी मीडिया संगठन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित रक्षा और समुद्री संवाद श्सागर संकल्प – भारत की समुद्री शान की वापसीश का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि अनिश्चितता के इस वर्तमान युग में प्रासंगिक और तैयार रहने का एकमात्र रास्ता आत्मनिर्भरता है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान वैश्विक स्थिति के कारण आपूर्ति श्रृंखलाओं का पुनर्गठन, नए



समीकरणों का निर्माण और समुद्री गतिविधियों में निरंतर वृद्धि हुई है, जो हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के सरकार के संकल्प की पुष्टि करता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि पुराने विचार, पुरानी वैश्विक व्यवस्था और पुरानी धारणाएं तेजी से बदल रही हैं। ये वे अनिश्चितताएं हैं जिन्हें हमें समझना होगा। मध्य पूर्व की वर्तमान स्थिति इसका एक प्रमुख उदाहरण है। वहां जो हो रहा है वह काफी असामान्य है। मध्य पूर्व या हमारे पड़ोस में भविष्य में होने वाली घटनाओं के बारे में ठोस टिप्पणी करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य या पूरा फारस की खाड़ी क्षेत्र वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। जब इस क्षेत्र में अशांति होती है, तो इसका सीधा असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ता है। इसके अलावा, हम अन्य क्षेत्रों में भी आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान देख रहे हैं। इन अनिश्चितताओं का अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार पर सीधा प्रभाव पड़ता है। वैश्विक परिदृश्य एक असामान्य स्थिति है। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि यह असामान्य स्थिति अब सामान्य मानी जाने लगी है। राजनाथ सिंह ने तकनीकी गतिशीलता को आज की दुनिया का एक और महत्वपूर्ण तत्व बताते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी जीवन के हर क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव ला रही है, और यह रक्षा क्षेत्र में और भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि रक्षा क्षेत्र में उच्च स्तरीय और सटीक प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया जा रहा है, और सरकार उभरती और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने के लिए रक्षा प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता हासिल करने का लक्ष्य रखती है।

## सीएम योगी बोलेः यूपी में पहली बार कानून व्यवस्था चुनाव का मुद्दा बनी, 2017 के बाद प्रदेश में बदली पुलिस की इमेज

संवाददाता। लखनऊ सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी के इतिहास में पहली बार कानून और व्यवस्था किसी चुनाव का मुख्य मुद्दा बनी। बार किसी सरकार ने अपना 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद दोबारा सरकार बनायी। पुलिस विभाग ने वर्ष 2017 के बाद बिगड़े, अराजक, दंगाग्रस्त और कर्फ्यूग्रस्त राज्य को बदल करके सेफ यूपी के रूप में स्थापित किया। उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य से भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनाने की शुरूआत कड़ी सुरक्षा से ही होती है। विकास की पहली शर्त सुरक्षा है। इसे उत्तर प्रदेश पुलिस ने साबित किया है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लोकभवन सभागार में कहीं। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 50 क्यूआरटी वाहनों को हरी



झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने होंडा इंडिया फाउंडेशन द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को 50 क्यूआरटी दोपहिया वाहन प्रदान किए जाने की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद करेगी। यह समारोह उसी विश्वास और सहयोग का प्रतीक है, जिसमें शासन, प्रशासन और उद्योग जगत मिलकर प्रदेश के विकास और सुरक्षा को नई मजबूती प्रदान कर रहे हैं। मॉडल पुलिसिंग के तीन महत्वपूर्ण स्तंभ इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और मोबिलिटी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी का परसेप्शन चेंज करने के लिए कई कदम उठाए गए तो कुछ रिफॉर्म किये गये। इसके नतीजे हम सबके सामने हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस में वर्ष 2017 में पीआरवी के वाहन 9,500 थे। आज इनकी संख्या प्रदेश में 15,500 से अधिक है। वहीं वर्ष 2017 में टू व्हीलर मात्र 3,000 थे। आज इनकी संख्या 9,200 से अधिक है। यह केवल संख्या नहीं है, इसने पुलिस के रिस्पॉन्स टाइम को न्यूनतम लाने में सफलता प्राप्त की है। आपातकालीन स्थिति में जितनी त्वरित कार्रवाई और सहायता पहुंचाएंगे, वही ट्रस्ट में बदलती है। वह ट्रस्ट ही ट्रांसफॉर्मेशन का कारण बनता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मॉडल पुलिसिंग के तीन महत्वपूर्ण स्तंभ बताएं हैं। इनमें इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और मोबिलिटी शामिल है। वर्ष 2017 से पहले पुलिस विभाग का बजट अटकते–अटकते 16,000 करोड़ तक पहुंच पाता था और वह भी खर्च नहीं हो पाता था। वर्षों पहले जिले बने थे, लेकिन जिला मुख्यालय, पुलिस लाइन भी नहीं बनी थी। ऐसे में पुलिस क्या परिणाम देती? पुलिस के पास पुराने असलहे थे, कोई सुविधा नहीं थी। उस दौरान अवस्थापना सुविधाएं जीरो थीं।। टूटे हुए बैरक में पुलिसकर्मी रहने को मजबूर थे।

## बिहार की सियासत में नया अध्याय नीतीश की विरासत संभालेंगे बेटे निशांत, जेडीयू में कल होगी एंट्री

एजेंसी।
पटना। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद, उनके बेटे निशांत कुमार को पार्टी में लॉन्च किया जा रहा है, जिन्हें बिहार का उपमुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। जेडीयू कार्यकर्ताओं द्वारा निशांत को नीतीश का राजनीतिक उत्तराधिकारी बनाने की मांग के बीच यह बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार शनिवार को जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल होंगे और संभवतः उन्हें बिहार का उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम नीतीश कुमार द्वारा राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करने



के एक दिन बाद सामने आया है। जेडीयू के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने लगातार मांग की है कि निशांत को राजनीति में आना चाहिए। शुक्रवार की बैठक में यह मांग एक बार फिर उठाई गई, जिसमें पार्टी नेताओं ने कहा कि निशांत अपने पिता की जगह लेने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प होंगे। जेडीयू नेता नीरज कुमार ने कहा कि निशांत कुमार (मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे) कल जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल होंगे। निशांत कुमार ने पूरे राज्य का दौरा करने का फैसला किया है। नीतीश कुमार ने आश्वासन दिया है कि चिंता की कोई बात नहीं है, वे विधायकों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि सरकार गठन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। नीतीश के मुख्यमंत्री बनने के साथ ही बिहार में पहली बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का अपना मुख्यमंत्री होगा। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि इसी के साथ निशांत को राज्य का उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा।
बिहार की मंत्री लेशी सिंह ने शुक्रवार को आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नामांकन दाखिल करने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं की भावनात्मक प्रतिक्रिया पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कुमार ने 20 वर्षों से अधिक समय तक राज्य का नेतृत्व किया है, इसलिए पार्टी कार्यकर्ता उनके इस निर्णय से असहज हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि नीतीश कुमार 20 वर्षों से अधिक समय से बिहार का नेतृत्व कर रहे हैं और उन्होंने बिहार में सभी कार्य किए हैं, सुशासन स्थापित किया है, कानून का शासन स्थापित किया है, महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम किया हैय यह स्वाभाविक है कि कार्यकर्ता उनके इस निर्णय से असहज महसूस कर रहे हैं। सिंह ने आगे कहा कि शाम 5 बजे एक बैठक होगी। बैठक में जो भी निर्णय लिया जाएगा, उसकी जानकारी दी जाएगी। इससे पहले, जेडीयू विधायक बिनय कुमार चौधरी ने नीतीश कुमार के आगामी राज्यसभा चुनाव लड़ने के निर्णय पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी नेता इस घटनाक्रम से दुखी हैं। चौधरी ने एएनआई को बताया कि हम दुखी हैं।

## आंध्र प्रदेश में तीसरा बच्चा पैदा करने पर मिलेंगे 25,000, एन चंद्रबाबू नायडू ने दिए बड़े संकेत

एजेंसी। आंध्र प्रदेश । एन चंद्रबाबू नायडू ने राज्य के सीएम की बागडोर संभालने के बाद कहा था कि दक्षिण की आबादी घट रही है। ऐसे में हमें ज्यादा बच्चों के बारे में सोचना चाहिए। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार गिरती जन्म दर को बढ़ावा देने के लिए यह बयान दिया था। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू में राज्य की संख्या बढ़ाने के लिए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि राज्य में जो भी माता–पिता दूसरे बच्चा पैदा करेंगे, सरकार उन्हें 25000 रुपये का इंसेंटिव (आर्थिक मदद) देने पर विचार कर रही है। एन चंद्रबाबू नायडू ने राज्य के सीएम की बागडोर संभालने के बाद कहा था कि दक्षिण की आबादी घट रही है। ऐसे में हमें ज्यादा बच्चों के बारे में सोचना चाहिए।

## कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित ईरान कल्चर हाउस पहुंचा

एजेंसी।
दिल्ली। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद और पवन खेड़ा भी उपस्थित थे। उन्होंने ईरानी प्रतिनिधि से बातचीत के दौरान अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और सहानुभूति जताई।कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित ईरान कल्चर हाउस पहुंचा और भारत में ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद और पवन खेड़ा भी उपस्थित थे। उन्होंने ईरानी प्रतिनिधि से बातचीत के दौरान अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और सहानुभूति जताई। ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के निधन पर भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने गुरुवार को ईरानी दूतावास में भारतीय सरकार की ओर से शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब नई दिल्ली ने खामेनेई की हत्या पर प्रत्यक्ष बयान जारी नहीं किया। इसके बजाय, सरकार ने अपने उस पुराने रुख को



दोहराया कि पश्चिम एशिया में चल रहे संकट का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से होना चाहिए। अली खामेनेई का निधन 28 फरवरी को तेहरान, ईरान में हुआ। वे 86 वर्ष के थे और 1989 से ईरान के सर्वोच्च नेता के रूप में कार्यरत थे, जिससे वे मध्य पूर्व के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले नेताओं में से एक बन गए। उनकी मृत्यु ईरान पर हुए एक बड़े सैन्य हमले के दौरान हुई। संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल ने तेहरान में ईरानी सरकार और सैन्य नेतृत्व के ठिकानों को निशाना बनाते हुए समन्वित हवाई हमले किए।

## दुबई पोर्ट पर फंसे 1000 कंटेनर, महाराष्ट्र के निर्यातकों को करोड़ों का झटका

एजेंसी।
मुंबई के पास जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह (जेएनपीटी) पर दुबई जाने वाले अंगूर के लगभग 80 कंटेनर अभी भी अनलोड किए जा चुके हैं, जबकि नासिक से भेजे गए 200 से अधिक कंटेनर बंदरगाह के बाहर ही रोक दिए गए हैं, जिससे भारी जाम लग गया है। ये जानकारी बागवानी उत्पाद निर्यात संघ के उपाध्यक्ष विकास सिंह ने दी। अमेरिका–ईरान युद्ध के चलते दुबई के जेबल अली बंदरगाह पर कृषि उत्पादों से भरे लगभग 800 से 1000 कंटेनर फंसे रह जाने के कारण महाराष्ट्र के निर्यातकों और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। मध्य पूर्व के सबसे बड़े बंदरगाहों में से एक जेबल अली बंदरगाह कृषि उत्पादों के आयात और खाड़ी देशों में उनके वितरण का एक प्रमुख केंद्र है। हालांकि, 28 फरवरी को संघर्ष शुरू होने के बाद से बंदरगाह का कामकाज ठप्प पड़ा है, जिससे सैकड़ों कंटेनर बिना माल उतारे रह गए हैं। व्यापारियों ने बताया कि दुबई पहुंच चुके कंटेनर, साथ ही हमले से पहले भारत से रवाना हुए कंटेनर भी अब फंसे हुए हैं। इन खेपों में मुख्य रूप से महाराष्ट्र से निर्यात किए जाने वाले केले, अंगूर, अनार, तरबूज, पत्तेदार सब्जियां और प्याज शामिल हैं।रमजान के दौरान खाड़ी देशों में अंगूर, अनार, केला, ड्रैगन फ्रूट और तरबूज जैसे फलों की मांग में आमतौर पर भारी वृद्धि होती है और किसान इस मौसमी मांग के अनुसार अपनी फसल की योजना बनाते हैं। हालांकि, मौजूदा संघर्ष ने इस वर्ष निर्यात को बुरी तरह प्रभावित किया है। इस व्यवधान का सबसे अधिक प्रभाव अंगूर के व्यापार पर पड़ा है। बंदरगाहों पर पड़े लगभग 5,000 से 6,000 टन अंगूर प्रभावित होने की आशंका है, जबकि बागों में मौजूद निर्यात योग्य गुणवत्ता वाले 10,000 टन अंगूरों को अब घरेलू बाजार में कम कीमतों पर बेचना पड़ सकता है। मुंबई के पास जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह (जेएनपीटी) पर दुबई जाने वाले अंगूर के लगभग 80 कंटेनर अभी भी अनलोड किए जा चुके हैं, जबकि नासिक से भेजे गए 200 से अधिक कंटेनर बंदरगाह के बाहर ही रोक दिए गए हैं, जिससे भारी जाम लग गया है। ये जानकारी बागवानी उत्पाद निर्यात संघ के उपाध्यक्ष विकास सिंह ने दी। इस व्यवधान से पूरी निर्यात श्रृंखला ठप हो गई है, बंदरगाहों पर कंटेनर फंसे हुए हैं और पैकिंग हाउसों में पैक किए हुए अंगूरों का ढेर लगा हुआ है। निर्यातकों का कहना है कि स्थिति तभी स्पष्ट होगी जब शिपिंग लाइनें परिचालन फिर से शुरू करेंगी। इंडियन ग्रेप एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के निदेशक मधुकर क्षीरसागर ने कहा कि प्रत्येक कंटेनर से कई लाख रुपये का नुकसान हो रहा है। किसान संगठनों ने तत्काल सरकारी हस्तक्षेप की मांग की है। महाराष्ट्र राज्य प्याज उत्पादक संघ के अध्यक्ष भरत दिघोले ने सरकार से आग्रह किया है कि प्रति क्विंटल कम से कम 1,500 रुपये की सब्सिडी प्रदान की जाए, फंसे हुए कंटेनरों के लिए बंदरगाह शुल्क और विलंब शुल्क माफ किया जाए, और निर्यात फिर से शुरू होने तक निर्यातकों को समर्थन देने के लिए एक अस्थायी खरीद योजना शुरू की जाए।

## महाराष्ट्र में लभ जिहाद पर अब लगेगी लगाम! धर्मांतरण विरोधी बिल के ड्राफ्ट को मंजूरी

एजेंसी।
महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने धर्म स्वतंत्रता अधिनियम 2026 के तहत धर्मांतरण विरोधी विधेयक के मसौदे को मंजूरी दे दी है, जिसके अनुसार धर्म परिवर्तन के लिए 60 दिन का नोटिस और सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। अवैध धर्मांतरण की शिकायत पर रक्त संबंधियों द्वारा थ्प् दर्ज कराई जा सकेगी, और पंजीकरण के बिना धर्मांतरण अमान्य माना जाएगा। महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने धर्मांतरण विरोधी विधेयक के मसौदे को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत किसी भी धर्म में परिवर्तित होने से पहले सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य



होगा। एक अधिकारी ने प्रस्तावित कानून के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि धर्मांतरण करने के इच्छुक व्यक्ति को 60 दिन का नोटिस देना होगा और धर्मांतरण से पहले नामित प्राधिकारी से अनुमति लेनी होगी। उन्होंने आगे कहा कि धर्मांतरण को 25 दिनों के भीतर प्राधिकरण के पास पंजीकृत कराना अनिवार्य है, अन्यथा इसे अमान्य माना जाएगा।विधेयक के अनुसार, यदि धर्मांतरण करने के इच्छुक व्यक्ति का कोई रक्त संबंधी इसकी गैरकानूनी होने की शिकायत दर्ज कराता है, तो पुलिस प्रथम सूचना रिपोर्ट (थ्प्) दर्ज करेगी और जांच करेगी। विधेयक में कहा गया है कि धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार में बलपूर्वक, धोखाधड़ी या प्रलोभन द्वारा धर्मांतरण का अधिकार शामिल नहीं है, बल्कि ऐसे गैरकानूनी धर्मांतरणों से सुरक्षा का अधिकार शामिल है। महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे ने कहा कि मंत्रिमंडल ने एक मजबूत धर्मांतरण–विरोधी कानून को मंजूरी दे दी है, और यह निर्णय विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी द्वारा किए गए वादे को पूरा करता है। विधानसभा भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए राणे ने कहा कि हमने विधानसभा चुनाव के दौरान दृढ़ता से कहा था कि सत्ता में आने पर हम महाराष्ट्र में धर्मांतरण विरोधी कड़ा कानून लाएंगे, जिसे प्रेम जिहाद विरोधी कानून भी कहा जाता है।

## यूपी में तेल स्टोरेज की अफवाह से मचा हड़कंप,मध्य पूर्व में बढ़ते संकट के बीच पेट्रोल पंपों पर भीड़

संवाददाता।
लखनऊ/खेरी। जिला आपूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि कमी की खबरें गलत हैं। सिंह ने पीटीआई को बताया, खेरी जिले में पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी की अफवाहें निराधार हैं। उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में पेट्रोल पंपों पर अफरा–तफरी मच गई, जब निवासियों के बीच ईंधन की कमी की अफवाहें फैलने लगीं। खेरी जिले के निघासन, पल्लिया और भीरा जैसे इलाकों में पेट्रोल पंपों पर लोगों की लंबी कतारें देखी गईं, जहां पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण आपूर्ति खत्म होने के डर से कई लोग पेट्रोल और डीजल खरीदने के लिए दौड़ पड़े। इस स्थिति के कारण कई पेट्रोल पंपों पर अस्थायी रूप से जाम लग गया, क्योंकि वाहन चालक ईंधन का स्टॉक करने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, स्थानीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति में कोई बाधा नहीं है और निवासियों से अपुष्ट सूचनाओं पर विश्वास न करने का आग्रह किया। जिला आपूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि कमी की खबरें गलत हैं। सिंह ने पीटीआई को बताया, ष्खेरी जिले में पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी की अफवाहें निराधार हैं। उन्होंने कहा कि ईंधन और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और लोगों को सलाह दी कि वे केवल अपनी सामान्य जरूरतों के अनुसार ही खरीदारी करें। सिंह ने यह भी चेतावनी दी कि पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी करते पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट दुर्गा शक्ति नागपाल ने भी स्थिति को संबोधित करते हुए निवासियों से शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने जनता को आश्वासन दिया कि जिले भर में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति



सामान्य है।अधिकारियों का कहना है कि राज्य भर में आपूर्ति स्थिर है इस बीच, स्थानीय ईंधन और एलपीजी वितरकों के प्रतिनिधियों ने भी पुष्टि की कि आपूर्ति स्थिर है।

# अवैध निर्माण मे नाकाम विप्रा के अफसरों को कोर्ट ने किया तलब

**-पीड़ित की शिकायत नजर अंदाज करने और अवैध निर्माण को रोकने मे विफल विप्रा के अफसरों से इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मांगा हलफनामा**

**-अधिकांशतः अवैध निर्माण शिकायती प्रकरणो मे निर्माण पूर्ण होने के बाद नीद से जागता हैं प्राधिकरण**

**-वर्तमान क्षेत्रीय अवर अभियंता ने अवैध निर्माणाधीन प्लाटस पर आज तक नहीं दिया कोई नोटिस, 2024 मे दो प्लाटो के कटे थे नोटिस**

(मथुरा)(ए.के.शर्मा) जनपद मे मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण अवैध निर्माण को रोकने मे पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहा हैं इसका सीधा साधा सा उदाहरण अब सामने आ भी गया हैं।अवैध निर्माण को रोकने में विफल मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के अधिकारी अपनी कार्यप्रणाली को लेकर फंस गए हैं।अब पीड़ित की शिकायत पर संज्ञान न लेकर चुप्पी साधकर गौर ना करने और अवैध निर्माण को रोकने में नाकाम अधिकारियों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने तलब किया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण में खलबली मची हुई है।



वृंदावन के मथुरा रोड़ पर ब्रज हेल्थकेयर रिसर्च सेंटर के समीप कालोनी में निर्माणकर्ता द्वारा आठ अलग अलग प्लाटों को मिलाकर एक भवन का निर्माण कर लिया गया। इस निर्माण के दौरान मानकों की अनदेखी करने के साथ ही सैटबैक नहीं छोड़ा गया। इस मामले में अस्पताल प्रबंधन द्वारा 2024 में मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से मामले की लिखित और मौखिक शिकायत करते हुए बताया कि निर्माणकर्ता ने उनकी ओर से भी गलत निर्माण कर लिया है, बारिश के दौरान अस्पताल की ओर पानी आ रहा है। इसके साथ ही उन्होंने मानकों के विपरीत आठ प्लाट को मिलाकर एक भवन बनाने की भी शिकायत की लेकिन प्राधि।करण अपनी कुम्भकर्ण की नीद से नहीं जागा उधर अवैध निर्माण चलता रहा।अवैध निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई ना होने पर विवश होकर ब्रज हेल्थकेयर द्वारा न्यायालय की शरण ली।जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एमवीडीए को नोटिस देते हुए अधिकारियों को तलब कर न्यायालय ने अधिकारियों से निर्माण संबंधी जानकारी ली है। उच्च न्यायालय के रुख के बाद बीते दिनों एमवीडीए के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मानकों के विपरीत हुए निर्माण को तोड़ने के लिए निर्माणकर्ता को आदेश दिए।वही शिकायतकर्ता की शिकायत का उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा संज्ञान लेने के बाबजूद वर्तमान क्षेत्रीय अवर अभियंता बदन सिंह द्वारा आज तक कोई नोटिस निर्गत नहीं किया गया हैं केवल पूर्व मे चार वर्ष पूर्व अवर अभियंता सुनील राजौरिया द्वारा भी आठ प्लॉटस का नोटिस न देकर केवल दो प्लाट को नोटिस देकर इति श्री कर ली गई थी।प्राधिकरण के कड़े रुख के बाद निर्माणकर्ता ने कुछ हिस्से को हैमर से तोड़ भी दिया है। वहीं इसी दौरान निर्माणकर्ता ने उच्च न्यायालय की डबल बेंच में अपील दायर कर दी। न्यायालय ने स्थगन आदेश दे दिया है।वही इस संबं।ध मे आशीष कुमार सिंह सचिव मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण का कहना हैं कि

ब्रज हेल्थ केयर प्रबंधन की ओर से 2024 में उनके पास कालोनी में मानकों के विपरीत आठ प्लाट को एक कर भवन निर्माण की शिकायत की गई थी। समय पर शिकायत का क्रियान्वयन ना होने पर उन्होंने न्यायालय की शरण ली। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्राधिकरण को पक्ष रखने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है।

# टेंडर का खेल या दबाव की सरकार

सुल्तानपुर(आरएनएस )। प्रांतीय खंड और लोक निर्माण विभाग खंड–3 की निविदाओं को लेकर दर्जनों ठेकेदार खुलकर सामने आ गए हैं। करीब आधा दर्जन ठेकेदारों ने तकनीकी बिड खुलने के बाद अचानक टेंडर निरस्त किए जाने पर कड़ा आक्रोश जताया है।

ठेकेदारों का आरोप है कि प्रांतीय खंड की 186 और पीडब्ल्यूडी खंड–3 की 146 निविदाएं निरस्त कर दी गईं, जबकि तकनीकी बिड पहले ही खोली जा चुकी थी। सवाल उठ रहा है कि जब प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी थी तो आखिर ऐसा क्या हुआ कि पूरी निविदा प्रक्रिया ही रद्द करनी पड़ी। इस पूरे मामले में ठेकेदारों ने जिले के कुछ माननीयों पर टेंडर मैनेजमेंट का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। ठेकेदारों का कहना है कि जहां प्रतिस्पर्धा ज्यादा दिखी वहां खेल ही खत्म कर दिया गया। वहीं प्रांतीय खंड के अधिशाषी अभियंता अरुण कुमार ने सफाई देते हुए कहा कि रेट सूची में संशोधन को लेकर शासन के निर्देश पर निविदाएं निरस्त की गई हैं। लेकिन सवाल यहीं से शुरू होता है।

जब एक दिन पहले तक अधिकारी कह रहे थे कि टेंडर निरस्त नहीं होंगे तो अचानक शासन का आदेश कहां से टपक पड़ा? क्या शासन के आदेश बिजली की तरह गिरते हैं या फिर किसी के फोन की घंटी के बाद आते हैं?ठेकेदारों का यह भी कहना है कि पंजीकृत फर्मों ने टेंडर डालने में हजारों रुपये खर्च किए, दस्तावेज तैयार किए, बैंक गारंटी लगाई। अब उसका हिसाब कौन देगा? आक्रोशित ठेकेदारों ने मुख्यमंत्री, पुलिस अधीक्षक और प्रदेश के उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर पूरे मामले की जांच की मांग की है। साथ ही यह आशंका भी जताई है कि फर्जी मुकदमों में फंसाकर उनकी फर्मों को परेशान करने की साजिश हो सकती है। बताया जा रहा है कि पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने भी पत्र का संज्ञान लिया है। ठेकेदारों का तंज भी कम तीखा नहीं है। उनका कहना है कि जिनका कोई विधायक गॉडफादर नहीं, उनके लिए टेंडर सिर्फ कागज का सपना है। अब बड़ा सवाल यही है कि क्या सुल्तानपुर में विकास की सड़कें टेंडर से बनेंगी या फिर सिफारिश की सीढ़ियों से। और अगर हर बार आखिरी समय पर टेंडर ऐसे ही रद्द होते रहे तो फिर ई–टेंडरिंग सिस्टम पारदर्शिता का प्रतीक है या सिर्फ एक नया बहाना?फिलहाल ठेकेदारों का गुस्सा उबाल पर है और जनता यह देख रही है कि सड़क बनने से पहले ही सिस्टम की सच्चाई सड़क पर आ गई है।

# नेशनल अकाली दल ने की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा, देशव्यापी विस्तार की तैयारी

**जनता की आवाज सरकार तक पहुंचाना ही लक्ष्य - परमजीत सिंह पम्मा**

**महंगाई, भ्रष्टाचार और शिक्षा के मुद्दों पर आवाज उठाएगा नेशनल अकाली दल**

**नेशनल अकाली दल युवाओं को खेल और संस्×ति से जोड़ने के लिए विशेष विंग बनाएगा**

**देशभर में कार्यकारिणी विस्तार की तैयारी, महिलाओं और युवाओं को मिलेगी बड़ी जिम्मेदारी - परमजीत सिंह पम्मा**

नई दिल्ली। नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने आज एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संगठन की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दल सामाजिक सरोकारों को केंद्र में रखकर कार्य करेगा और देशभर में संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाया जाएगा।

नई घोषित कार्यकारिणी में दलजीत सिंह चग्गर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इंद्रजीत सिंह अष्ट, हरमिंदर पाल सिंह बक्शी और परमिंदर सिंह सभरवाल को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं जसवीर सिंह सरना, विक्रांत मोहन, अमरजीत सिंह बंटी और जसविंदर सिंह सभरवाल को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कुलदीप सिंह मारवाह को नियुक्त किया गया है, जबकि वरिंदर आर्य को प्रदेश उपाध्यक्ष, बलविंदर सिंह सरना को सचिव और रश्मीत कौर










बिंद्रा को सोशल विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रेस वार्ता के दौरान परमजीत सिंह पम्मा ने बताया कि संगठन जल्द ही महिला, युवा, धर्म प्रचार, खेलकूद, ट्रेड और सांस्कृतिक विंग की भी घोषणा करेगा। इसके साथ ही विभिन्न राज्यों में भी कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा, ताकि जमीनी स्तर पर संगठन की पकड़ मजबूत हो और आम लोगों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके।

परमजीत सिंह पम्मा स्पष्ट किया कि नेशनल अकाली दल का मुख्य उद्देश्य सत्ता की राजनीति करना नहीं, बल्कि समाज सेवा और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाना है। संगठन समय–समय पर सरकार और प्रशासन तक आम जनता की आवाज पहुंचाने का कार्य करता रहेगा। महंगाई, भ्रष्टाचार, आतंकवाद, व्यापारियों की समस्याएं, बच्चों के स्कूल और कॉलेज में दाखिले की दिक्कतें तथा बढ़ती स्कूल फीस जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को प्राथमिकता से उठाया जाएगा।

पम्मा ने विशेष रूप से युवाओं और बच्चों को खेल, संस्कृति और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी मोबाइल और ऑनलाइन गेम्स में अत्यधिक समय व्यतीत कर रही है, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित हो रहा है। संगठन ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करेगा, जो बच्चों और युवाओं को खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामाजिक मूल्यों की ओर प्रेरित करें।

पम्मा यह भी बताया कि संगठन में महिलाओं और युवाओं को बड़ी संख्या में जोड़ा जाएगा, ताकि समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी संगठन को नई ऊर्जा, नई दिशा और व्यापक जनसमर्थन दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

अंत में उन्होंने कहा कि नेशनल अकाली दल पिछले लगभग 30 वर्षों से निरंतर लोगों के हितों की आवाज उठाता रहा है और भविष्य में भी पूरी मजबूती के साथ समाज के लिए कार्य करता रहेगा।

# गोल्डन बेल्स ग्लोबल को सीबीएसई की मान्यता

## गोल्डन बेल्स ग्लोबल बना क्षेत्र का पहला सीबीएसई विद्यालय

जयसिंहपुर सुल्तानपुर (आरएनएस )। शिक्षा के क्षेत्र में जयसिंहपुर के लिए गर्व की खबर सामने आई है। बरौसा स्थित गोल्डन बेल्स ग्लोबल स्कूल ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), नई दिल्ली से स्थायी संबद्धता प्राप्त कर ली है। इसके साथ ही यह विद्यालय पूरे जयसिंहपुर क्षेत्र का पहला स्कूल बन गया है जिसे सीबीएसई की मान्यता मिली है।विद्यालय को सीबीएसई का संबद्धता कोड 2134645 तथा स्कूल कोड 72453 प्रदान किया गया है। गौरतलब है. यह संस्थान प्री–प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक की शिक्षा उपलब्ध कराता है। ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित यह स्कूल अब क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक मजबूत शैक्षणिक केंद्र के रूप में उभरकर सामने आया है। विद्यालय के प्रबंधक राजेश शुक्ला के नेतृत्व और दूरदर्शिता को इस उपलब्धि का प्रमुख कारण माना जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में स्कूल में आधुनिक बुनियादी ढांचा विकसित किया गया है, जिसमें स्मार्ट कक्षाएं, कंपोजिट लैब, खेल मैदान और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। प्रिंसिपल रेनू शुक्ला के अनुसार विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ–साथ अनुशासन और व्यक्तित्व निर्माण पर भी ध्यान दिया जाता है। स्थायी संबद्धता मिलने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को अब सीबीएसई पाठ्यक्रम की पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों ने इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

# ओलन्दगंज में विकास कार्यो का लोकार्पण किया

जौनपुर (आरएनएस )। नगर पालिका परिषद, के वार्ड ओलन्दगंज जोगियापुर में विकास कार्यो का लोकार्पण किया गया। बताया गया कि रवि मौर्या के मकान सेराजन साहनी के मकान तक पी०वी०सी० पाईप द्वारा जलनिकासी व इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य रू0–5.32लाख, वार्ड ओलन्दगंज मो० जोगियापुर में सुमन के मकान से लालचन्द्र के मकान होते हुए वैभव के मकान केआगे तक इण्टरलाकिंग सड़क व पी०वी०सी० पाईप द्वारा जलनिकासी कार्य रू0–5.94 लाख, वार्ड मियाँपुर मेंमुख्य मार्ग से ओम प्रकाश के मकान होते हुए रामकुमार त्रिपाठी, राय साहब के मकान तक नाली वइण्टरलाकिंग निर्माण कार्य रू0–9.86 लाख, वार्ड मियांपुर श्रीराम कालोनी में एस०एस० टावर से आनन्द मौर्य मास्टर




के घर होते हुए पंकज चौरसिया के मकान तक पी०वी०सी० पाइप द्वारा जलनिकासी व इण्टरलाकिं सड़क निर्माण कार्य रू0–8.69 लाख, मियाँपुर श्रीराम कालोनी में चन्द्रजीत यादव के मकान से अभय के मकानतक इण्टरलाकिंग सड़क व पी०वी०सी० पाईप द्वारा जलनिकासी कार्य रू0–3.40 लाख, वार्ड हुसैनाबाद में राम अनुज दुबे के मकान के सामने से गीता रानी के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य रू0–6.06 लाख, वार्ड हुसैनाबाद में मुख्य सड़क से गोखरनाथ सिंह के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली कार्य रु0–4.89 लाख, वार्ड मतापुर में वाराणसी मुख्य मार्ग से राहुल सिंह के मकान होते हुए मन्ना पटेल, प्रिन्स पटेल के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य रू0–10.25 लाख, वार्ड रामनगर भड़सरा में जीतमुफ्तीमोहल्ला मुल्लाटोला में अफताब के मकान से सितारा के मकान होते हुए सोनू के मकान के आगे तक नाली व इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य रू0–5.98 लाख का लोकापर्ण अध्यक्ष श्रीमती मनोरमा मौर्या द्वारा किया गया।

# ई -लाटरी से 14 लाभार्थी कृषकों का चयन

जौनपुर (आरएनएस )। जनपद में संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेण्ट आफ क्राप रेज्ड्यू योजनान्तर्गत अनुदान पर कृषि यंत्रों के लाभार्थी कृषकों एवं कृषक उत्पादक संगठन के चयन हेतु ई–लाटरी का आयोजन जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया, जिसमें कुल 14 लाभार्थी कृषकों का चयन हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों पर अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे खेती को अधिक सुगम, किफायती एवं उत्पादक बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि कृषि यंत्रीकरण से किसानों की आय बढ़ाने में सहायता मिलेगी तथा फसल अवशेष प्रबंधन में भी यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जिलाधिकारी ने चयनित कृषकों को शुभकामनाएं देते हुए कृषि यंत्रों का समुचित उपयोग करने एवं अन्य किसानों को भी आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उक्त चयनित लाभार्थी में सुपर सीडर–01, रोटावेटर–03, स्ट्रारीपर–04, पावर चेफ कटर–01, लेजर लैण्ड लेवलर–02, फार्म मशीनरी बैंक–01, क्राप रीपर ट्रैक्टर माउण्टेडध्सेल्फ प्रोपेल्ड–01 एवं किसान ड्रोन–01 सहित कुल 14 लाभार्थीकृषक चयनित हुए। मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, उपनिदेशक कृषि, डिप्टी पीडी आत्मा डा0 रमेश चन्द्र यादव सहित अन्य किसानगण उपस्थित रहे।

## ड्राइवर की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर (आरएनएस )। होली के दिन लाइनबाजार थाना क्षेत्र के मियांपुर मोहल्ले में ड्राइवर की पीट–पीटकर हत्या करने के मामले मेंपुलिस ने दो आरोपितोंको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि मियांपुर क्षेत्र मेंहोली के दिन आपसी विवाद के बाद कुछ लोगोंने एक ड्राइवर ललई यादव की बेरहमी से पिटाई कर दी थी। गंभीर रूप से घायल ड्राइवर की बाद में मौत हो गई। मृतक के परिजनोंकी तहरीर पर लाइनबाजार थाने मेंमुकदमा दर्ज किया गया था।

## अकीदत के साथ हुई तीसरे जुमे की नमाज

जौनपुर (आरएनएस )। रमजान माह के तीसरे जुमे की नमाज शुक्रवार को जिले भर की मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई।अटाला मस्जिद और बड़ी मस्जिद समेत सभी छोटी–बड़ी मस्जिदों में बड़ी संख्या में रोजेदारों और अकीदतमंदों ने नमाज पढ़ी। इस दौरान देश की सलामती और गुनाहों की माफी के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं।माज के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस प्रशासन ने सभी मस्जिदों के आसपास पुलिसकर्मियों को तैनात किया था। यह तैनाती किसी भी अप्रिय घटना से बचने और व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई थी। नमाज के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस प्रशासन ने सभी मस्जिदों के आसपास पुलिसकर्मियों को तैनात किया था। यह तैनाती किसी भी अप्रिय घटना से बचने और व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई थी।जुमे की नमाज से पहले अटाला मस्जिद के मुतवल्ली ने रोजा, नमाज और कुरआन के महत्व पर बयान दिया। उन्होंने बताया कि ये तीनों इबादतें कयामत के दिन नेक बंदों की सिफारिश करेंगी और उन्हें जहन्नम की आग से बचाएंगी। मुतवल्ली ने रोजेदारों को बुरी बातों, बुरे कामों और लड़ाई–झगड़े से दूर रहने की नसीहत भी दी।

## कालिख पोतने के विरोध में भीम आर्मी का प्रदर्शन

जौनपुर (आरएनएस )। जिलाधिकारी आवास के पास स्थित अंबेडकर पार्क में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर असामाजिक तत्वों ने कालिख पोत दी। इस घटना के विरोध में भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष डॉ. एसपी मानव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।प्रदर्शनकारियों ने न्याय देने के लिए नारेबाजी किया।

## पिटाई से युवक घायल,तीन पर मुकदमा

जौनपुर (आरएनएस )। जफराबाद थाना क्षेत्र के दरीबा शाहबड़ेपुर गांव में गांव के कुछ मनबढ़ों ने मारपीट कर घायल कर दिया।इसके अलावा जान से मारने की धमकी भी दिया।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।उक्त गांव निवासी प्रेमजीवन भारद्वाज पुत्र स्व. मोलई राजभर, दमन में रहकर रोजगार करते हैं।वह होली के अवसर पर अपने गांव दरीबा शाहबड़ेपुर आए हुए हैं। 4 मार्च 2026 की दोपहर गांव के ही सुनील राजभर पुत्र स्वर्गीय सेवालाल, छोटू राजभर पुत्र संजय राजभर और अंकित राजभर पुत्र विनोद राजभर ने मिलकर प्रेमजीवन के साथ मारपीट किया।जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। आरोपियों ने पीड़ित को दीं और पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने पांच मार्च को पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई।

## हजरत इमाम हसन के जन्मदिवस के अवसर पर महफिल का आयोजन

सुल्तानपुर(आरएनएस)। वृहस्पतिवार को हजरत इमाम हसन अलैहिस्सलाम के जन्मदिवस के अवसर पर मौलाना आसिफ नकवी के मकान पर एक तरही महफिल का आयोजन किया गया। महफिल में इरफान सुलतानपुरी, जीशान सुलतानपुरी, सरकार मेंहदी सुलतानपुरी आलम सुलतानपुरी, हैदर सुलतानपुरी, सुलतान सुलतानपुरी, कौसर सुलतानपुरी घ्मजाहिर सुलतानपुरी नकी रजा सुलतानपुरी मौलाना कल्बे हसनैन खावर सुलतानपुरी मौलाना आसिफ नकवी ने शेर सुनाया सभी शायरों ने महफिल में अच्छे शेर सुना कर समा बांध दिया और मौलाना ना कल्बे अब्बास खान ने तकरीर की। इस मौके पर मौलाना तौसीफ खान अबरार हुसैन कमर अब्बास एम एच खान गौरी अलमदार हुसैन कमर हैदर खां आदि ने भी भाग लिया इसकी जानकारी हैदर अब्बास खान अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन सुलतानपुर ने दी है।

## बसपा ने विरोध प्रदर्षन कर किया नारेबाजी

जौनपुर (आरएनएस )। बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर कालिख पोतने का मामला तूल पकड़ रहा है। यह घटना लाइन बाजार थाना क्षेत्र के अंबेडकर तिराहे स्थित अंबेडकर पार्क में हुई। इस घटना के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया।घटना की जानकारी मिलते ही हजारों की संख्या में बसपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। उन्होंने जमकर नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने इस कृत्य को जौनपुर शहर की शांति भंग करने का प्रयास बताया। सूचना मिलने पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस इस मामले की गहनता से पड़ताल कर रही है। बसपा ने इस कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। बसपा के वरिष्ठ नेता डॉ. लाल बहादुर सिद्धार्थ ने कहा कि प्रतिमा को खंडित करने और इस घृणित कार्य को अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने तत्काल नई प्रतिमा स्थापित करने की भी मांग की। डॉ. सिद्धार्थ ने दूषित मानसिकता वाले लोगों को तुरंत गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की बात कही। उन्होंने अंबेडकर तिराहा पर एक पुलिस चौकी के निर्माण की भी मांग की। जब तक चौकी नहीं बनती, तब तक 24 घंटे पुलिस बल तैनात करने की बात कही गई है। तकनीकी और संरचनात्मक सुधारों पर भी जोर दिया गया।खराब सीसीटीवी कैमरे को तत्काल बदलकर नया कैमरा लगाने और प्रतिमा के चारों ओर की बाउंड्रीवॉल को ऊंचा करने की मांग की गई, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। एक अन्य महत्वपूर्ण मांग में प्रतिमा की बाउंड्री के बगल में होने वाले होलिका दहन को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने की बात कही गई, जिससे प्रतिमा की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# ममता की जिद के कारण अंधियारे की तरफ पश्चिम बंगाल

ममता सरकार की जिद से केंद्र सरकार से मिलने वाले 10 हजार करोड़ रुपए डूब गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने पर यह राशि केंद्र सरकार से मिलने थी। ममता बनर्जी सरकार ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू नहीं की। ममता सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अहंकार का मुद्दा बना लिया है। बंगाल में 19वीं सदी के दौरान शिक्षा के केंद्र के रूप में बंगाली पुनर्जागरण ने साहित्यिक और बौद्धिक चेतना का विकास किया, जिससे पश्चिमी शिक्षा का आगमन हुआ। पश्चिम बंगाल ऐतिहासिक रूप से भारत का एक प्रमुख शैक्षणिक और बौद्धिक केंद्र रहा है, जो बंगाली पुनर्जागरण से लेकर आधुनिक काल तक ज्ञान का गढ़ बना रहा है। कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) ने आधुनिक शिक्षा प्रणाली की शुरुआत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें 1857 में स्थापित कलकत्ता विश्वविद्यालय, विश्व–भारती, और आईआईटी खड़गपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान शामिल हैं। ऐतिहासिक दौर में शिक्षा की कीर्ति पताका फहराने वाले पश्चिम बंगाल की आज हालत यह हो गई है कि 4 हजार स्कूल राम भरोसे हैं। पश्चिम बंगाल की शिक्षा व्यवस्था वेंटिलेटर पर है। ममता सरकार की जिद से केंद्र सरकार से मिलने वाले 10 हजार करोड़ रुपए डूब गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने पर यह राशि केंद्र सरकार से मिलने थी। ममता बनर्जी सरकार ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू नहीं की। ममता सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अहंकार का मुद्दा बना लिया है। केंद्र सरकार के बार–बार अनुरोध करने के बावजूद बंगाल सरकार ने शिक्षा नीति लागू नहीं की नतीजा यह हुआ कि समग्र शिक्षा मिशन के तहत मिलने वाली 10,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय निधि राज्य को नहीं मिल पाई। पूरे देश में



जितने भी स्कूल बिना शिक्षकों के चल रहे हैं, उनमें से 50: अकेले पश्चिम बंगाल में हैं। अर्थात बाकी पूरा देश एक तरफ और ममता का बंगाल एक तरफ। इसे भी पढ़ेंरू ममता के गढ़ भवानीपुर में भी नंदीग्राम वाला इतिहास दोहराएगा? ये हुआ तो बंगाल चुनाव का पूरा गेम ही बदल जाएगा

शिक्षा व्यवस्था में आई यह गिरावट बताती है कि टीएमसी सरकार के राज में बच्चों के भविष्य के साथ कैसा खिलवाड़ हो रहा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति मातृभाषा (बंगाली) में पढ़ाई की बात करती है, लेकिन ममता सरकार इसे लागू नहीं करना चाहती। क्या राज्य सरकार बंगाली में शिक्षा की अनुमति नहीं देना चाहती? केंद्रीय मंत्री ने साफ कर दिया कि अगर 2026 के विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा सत्ता में आती है, तो शिक्षा क्षेत्र उनका 'प्राइम फोकस' होगा। उन्होंने बंगाल की जनता को संदेश दिया कि वर्तमान सरकार ने शिक्षा को बर्बाद कर दिया है और अब बदलाव ही एकमात्र रास्ता है।इतना ही नहीं पश्चिम बंगाल सरकार ने जादवपुर विश्वविद्यालय के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित अतिरिक्त निधि को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। जहां पूरा देश डिजिटल हो रहा है, वहां बंगाल के स्कूल पाषाण युग में जी रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर स्कूलों में इंटरनेट की पहुंच 70: है, लेकिन पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में यह आंकड़ा गिरकर महज 16: रह गया है। जून 2025 में, केंद्र सरकार ने मध्याह्न भोजन योजनाओं का लाभ उठाने वाले छात्रों की संख्या में आई तीव्र गिरावट पर चिंता व्यक्त की। केंद्र सरकार के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने भी इस मामले में पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी थी, जिसमें इसे राज्य में स्कूल छोड़ने वालों की संख्या में वृद्धि का मुख्य कारण बताया गया था।

इससे पहले, वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान पश्चिम बंगाल में मध्याह्न भोजन के लिए बजटीय आवंटन 2,377 करोड़ रुपये था। हालांकि, समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान वास्तविक उपयोग मात्र 515.04 करोड़ रुपये (21.66 प्रतिशत) था। इसका अर्थ यह है कि तीनों वित्तीय वर्षों को मिलाकर दोपहर के भोजन के लिए आवंटित बजट का औसत उपयोग प्रतिशत मात्र 16.96 प्रतिशत है। संभवतः, कम प्रतिशत उपयोग को ध्यान में रखते हुए, पश्चिम बंगाल सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए इस मद के अंतर्गत बजटीय आवंटन को घटाकर 1,150.90 करोड़ रुपये कर दिया है, जो कि 2023–24, 2024–25 और 2025–26 के संबंधित आंकड़ों की तुलना में काफी कम है।

शिक्षा के लिए बेशक धन नहीं हो किन्तु चुनाव जीतने के लिए ममता सरकार ने खजाने का मुंह खोल दिया है। वर्ष 2026 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बेरोजगार युवाओं के लिए राज्य के मासिक ध्1,500 भत्ते की शुरुआत 15 अगस्त से आगे बढ़ाकर 1 अप्रैल कर दी है। राज्य की महिलाओं के लिए लक्ष्मी भंडार प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण योजना के तहत मासिक भत्ते में ध्500 की वृद्धि भी की थी, जिसे पिछले सप्ताह 5 फरवरी को अंतरिम बजट पेश किए जाने के बाद फरवरी से लागू किया जा चुका है। सम्मानजनक वेतन वृद्धि की मांग को लेकर पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों के पैरा शिक्षकों विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पैरा शिक्षकों को प्रति माह 10,000 से 13,000 रुपये के बीच वेतन मिलता है और वे संविदा आधार पर काम करते हैं। देश में कर्ज के बोझ तले दबे सबसे बड़े राज्यों में पश्चिम बंगाल टॉप पर है। बंगाल को अपने राजस्व का 42 फीसदी हिस्सा सिर्फ ब्याज के भुगतान में खर्च करना पड़ा है। वित्त वर्ष 2025 में पश्चिम बंगाल पर ब्याज भुगतान का बोझ अन्य राज्यों की तुलना में सबसे ज्यादा था। राज्य को टैक्स और नॉन टैक्स रेवेन्यू से 1.09 लाख करोड़ रुपए मिले थे, लेकिन सिर्फ ब्याज भुगतान पर 45 हजार करोड़ से अधिक खर्च किए गए। इसका मतलब हुआ कि उसके राजस्व का 42 फीसदी हिस्सा तो ब्याज चुकाने में ही चला गया। पश्चिम बंगाल की आर्थिक सेहत खराब होने के साथ जिद के चलते शिक्षा की व्यवस्था भी लड़खड़ा रही है। हो सकता है विधानसभा चुनाव ममता की तृणमूल कांग्रेस जीत जाए किन्तु ममता बनर्जी की जिद के कारण इससे विकास की गति को रफ्तार नहीं मिल सकेगी।

## सम्पादकीय

### सुर्खियां बनाने की रणनीति

ज्यादा चर्चा गलगोटिया के गड़बड़झाले की ही हुई है, लेकिन बाकी अनेक निजी विश्वविद्यालयों की स्थिति भी बेहतर नहीं है। उन्होंने भी वास्तविक अनुसंधान और आविष्कार पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय चौंकाने वाली सुर्खियां बनाने की रणनीति अपना रखी है।एआई समिट के दौरान गलगोटिया विश्वविद्यालय को लेकर उठे विवाद का अच्छा असर यह है कि इससे भारत में प्राइवेट यूनिवर्सिटीज के रंग–ढंग पर लोगों का ध्यान गया है। हालांकि मीडिया और सोशल मीडिया पर ज्यादा चर्चा गलगोटिया के गड़बड़झाले की ही हुई है, लेकिन इस ओर भी ध्यान गया है कि बाकी अनेक निजी विश्वविद्यालयों की स्थिति भी बेहतर नहीं है। उन विश्वविद्यालयों ने भी वास्तविक अनुसंधान और आविष्कार पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय बनावटी उपलब्धियों के जरिए चौंकाने वाली सुर्खियां बनाने की रणनीति अपना रखी है। बाजार में ये रणनीति दो लिहाज से कारगर रहती है। एक तो इससे दाखिले की दौड़ में शामिल छात्रों को लुभाने में कामयाबी मिलती है, दूसरे ये संस्थान सरकारी अनुदान का भी फायदा उठा ले जाते हैं।इसी मकसद से पेटेंट अर्जियों की संख्या को उन्होंने पैमाना बनाया है। इसे बढ़ा–चढ़ा कर प्रचारित किया जाता है कि संस्थान ने कितनी ऐसी अर्जियां दाखिल कीं। जबकि उन अर्जियों का अंजाम क्या हुआ, इसे छिपा लिया जाता है। मसलन, 2020 से 2025 तक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने 7,096 पेटेंट अर्जियां दाखिल कीं। मगर उनमें से सिर्फ 164 पर पेंटेट हासिल हुआ। मतलब 2.3 प्रतिशत अर्जियां ही सफल रहीं। कमोबेस यही हाल बाकी तमाम प्राइवेट यूनिवर्सटीज का भी है। अगर इनकी तुलना पहले से प्रतिष्ठित आईआईटी, एनआईटी या इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस जैसे सरकारी संस्थानों से की जाए, तो उनकी अर्जियों की संख्या काफी कम नजर आएगी, जबकि सफलता दर अतुलनीय रूप से ऊंची दिखेगी।2020–25 की अवधि में इन तमाम संस्थानों की सफलता दर 40 प्रतिशत से ऊपर रही। जाहिर है, ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि उन संस्थानों में अर्जी परीक्षण की ठोस व्यवस्था है। बहरहाल, अगर प्राइवेट यूनिवर्सिटीज ने पेटेंट मिलने के बजाय अर्जी को उपलब्धि का पैमाना बनाया है, तो इसके लिए वे अकेले दोषी नहीं हैं। भारत सरकार ने 2021 में पेंटेट कानून में संशोधन कर अर्जी दाखिल करना आसान बना दिया था। संभवतरू इसलिए कि नरेंद्र मोदी सरकार भी कुछ हासिल करने के बजाय इम्प्रेशन बनाने को अधिक अहमियत देती है। नतीजा, एआई समिट के दौरान हुई बदनामी है। क्या सरकार इससे सबक लेगी?

### 140 करोड़ लोगों का देश मात्र एक बाजार

कैसे दिल्ली एआई शिखर समिट भारत बिक्री का मेला था? पहली बात दुनिया ने जाना कि 140 करोड़ लोगों का देश मात्र एक बाजार है। उसकी बड़ी–बड़ी बातें, बड़े–बड़े मंहगे विश्वविद्यालय नकल की भी अक्ल लिए हुए नही हैं। डिग्रीधारी, रट्टामार इंजीनियरों, कर्मयोगियों की भीड़ है मगर कुशल एआई शोधकर्ताओं की संख्या तीन सौ से भी कम है। दुनिया की कथित तीसरी बड़ी आर्थिकी इतनी पोली और कड़की है जो वह अनुसंधान–विकास पर जीडीपी का सिर्फ 0.7 फीसदी खर्च करती है। पूरी भीड, पूरा बाजार और कंपनियां सभी विदेशी उत्पाद, मॉडल तथा ऐप के बूते जिंदा है। दुनिया में बाकी जगह कंपनियां कम से कम एआई उपयोग की कोशिश करती हैं वही भारत की 92 प्रतिशत कंपनियां विदेशी एआई मघॅडल अपना चुकी हैं। टी20 क्रिकेट विश्व कप में भारत–पाकिस्तान मुकाबला हुआ तो उसके 45 करोड़ दर्शकों के बीच बेचने का सर्वाधिक विज्ञापन स्लॉट चौटजीपीटी का था। मतलब चौटजीपीटी भारत से सर्वाधिक कमाई का रोडमैप बनाए हुए है। तभी दुनिया की हर बड़ी कंपनी का टेक दिग्गज दिल्ली के मेले में दौड़ा आया। सब एकत्र हुए। और भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक कंपनियों के इन प्रमुखों के हाथ अपने साथ ऊपर उठवा कर मैसेज दिया देखो मेरे साथ भारत के खरीदारों का यह जमावड़ा। वैश्विक खरबपतियों ने मेरे से कितनी उम्मीदे पाली हुई हैं? मुझे मेरा ही देखा वह समय याद हो आया जब पिछली आईटी क्रांति में माइक्रोसॉफ्ट कंपनी अपने प्रोडक्ट की सरकारी बिक्री बढ़वाने के लिए डेमो, कार्यशालाएं आयोजत करती थी। तब भारत में बेचने का वह मार्केटिंग तंत्र था, जिससे प्रोडक्ट प्रस्तुति, डिप्लोमा कोर्स, सरकारी अनुबंध–बिक्री का लंबा–चौड़ा मार्केटिंग अभियान चला था। वैसा ही अब वैश्विक अमेरिकी कंपनियां अपना जाल, अपना नेटवर्क, अपनी चेन में 140 करोड़ की भीड को बंधक बनाने का ब्लूप्रिंट लिए हुए हैं। मैं सन् 1996 से लिखता आ रहा हूं कि भारत आईटी कुली पैदा करने के अलावा अपना कुछ भी नहीं बना रहा। सोचें, भारत सरकार, प्रदेश सरकारों, जनता सब कैसे माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस प्रोडक्ट, गूगल ईमेल, सर्च इंजिन, व्हाट्सऐप पर स्थायी आश्रित हो चुके है। आगे अमेरिकी एआई पर होंगे।नया फेज एआई क्रांति है। दिमाग भन्ना गया यह सुन कर कि गूगल के सुंदर पिचई ने भारत के प्रधानमंत्री मोदी को पट्टी पढ़ाई और विश्वगुरू मोदी ने उन्हें एक श्कर्मयोगीच का जुमला दिया तो गूगल ने मौका लपका। भारत उद्धार की झांकी बनाते हुए दो करोड़ सरकारी कर्माचारियों को एआई के कृत्रिम दिमाग को अपनाने की ट्रेनिंग देने का ऐलान किया।

# खो रहे होरी के पूर्वांचली रंग

होली के दिन पहले कच्चे बांस की खोखली नलियों से पिचकारी बनाई जाती थी। कोई–कोई ऐसा होता था, जिसके पास लोहे या पीतल की पिचकारी होती। अन्यथा ज्यादातर लोगों के पास बांस की पिचकारी होती, जिसका पंच किसी लकड़ी पर कपड़े लपेटकर बनाया जाता था। देसज बढ़ई इन पिचकारियों को तैयार करते थे।रहन–सहन में अब भी पारंपरिक देसज गंध से भरा है पूर्वांचल का इलाका। पूर्वांचल यानी पूर्वी उत्तर प्रदेश, उससे सटा बिहार और झारखंड का इलाका। भारतीय नक्शे में इस इलाके में मोटे तौर पर भोजपुरी बोली जाती है। यह इलाका पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, वाराणसी और आजमगढ़ मंडल के साथ ही बिहार के सारण मंडल के साथ ही मोतीहारी, चंपारण, आरा, बक्सर, सासाराम तक फैला हुआ है। वाराणसी और सासाराम से सटा हुआ है झारखंड का पलामू इलाका। यहां भी भोजपुरिया संस्कृति के रंग बिखरे हुए हैं। अब भी यहां के रहन–सहन, बोली–बानी में देसज भोजपुरिया मिठास भरी हुई है। लेकिन आधुनिक आर्थिकी के साथ यहां भी कुछ बदलाव आए हैं। शादी–विवाह, मुंडन–जनेऊ और अंतिम संस्कार में परंपराओं का पालन तो होता है, लेकिन उन पर बाजार का रंग अब पहले की तुलना में कहीं गहरे छा गया है। यही हाल यहां के पारंपरिक त्योहारों पर भी दिखने लगा है। पूरे देश में होली, रंग और उल्लास का त्योहार है। बासंती बयार के बीच दस्तक देने वाले इस त्योहार के वक्त समूचा देश रंगों में डूबता रहा है। लेकिन महानगरीय असर में अब रंगों की चमक और उल्लास कहीं खोती हुई नजर आ रही है। हास्य और लास्य का भी त्योहार है होली, लेकिन अब पूर्वांचल में हास्य की जगह फूहड़ता ने ले ली है, लास्य की लय भी कहीं खो गई है। अब पूर्वांचल का शायद ही कोई गांव बचा हो, जहां पारंपरिक भोजपुरी रंग में फाग के राग सुनाई देते हों। कभी भंग के संग होली का रंग चढ़ता था, अब भांग की जगह आधुनिक अंगूर की बेटी ने ले ली है। चूंकि अंगूर की बेटी तक सबकी पहुंच नहीं, इसलिए सरकारी ठेके का पौव्वा आज की होली के उल्लास का सबसे बड़ा साथी नजर आ रहा है। पूर्वांचल में होली को फगुआ भी कहा जाता है। भोजपुरिया इलाके में आज से तीन दशक पहले तक लोग परदेस में नौकरी कर रहे लोग 'होली' की छुट्टी पर



नहीं, 'फगुआ' की छुट्टी पर आते थे। जैसे ही खेतों में फसलें गोटाने लगती थीं, यानी उनके दानों का दूध गाढ़ा होकर अन्न का रूप लेने लगता था, बहरवांसु यानी बाहर कमाने गए लोगों के इंतजार की घड़ियां गिनी जाने लगती थीं। जब परदेसी कमासुत यानी कमेरा घर लौटता, घर ही नहीं, पूरे मोहल्ले में हर्ष की लहर दौड़ जाती थी। होली पर नवेली भौजाइयों को रंगने के लिए घेरने के उपाय सोचे जाने लगते, वहीं नवोढ़ा भाभियां भी देवरों पर आक्रमण का इंतजार करने लगतीं। देवर जी थोड़े भी लापरवाह हुए नहीं कि छपाक..और पूरा बदन भाभी के हाथों की मिठास भरे रंगों से सराबोर.. पूर्वांचल में फगुआ का त्योहार महाशिवरात्रि के बाद से छिटफुट शुरू हो जाता था। किंचित अब भी होता है। लेकिन अब पहले जैसी गाढ़ी चाहत अब नहीं रही। हर उम्र की भाभियां अपने–अपने देवरों को रंगने की जुगत में जुट जाती थीं, इसके लिए वक्त की परवाह नहीं होती थी। रात का भोजन करते वक्त हर उम्र के देवर भौजाइयों के सबसे ज्यादा शिकार बनते थे..इसलिए उन दिनों कई लोग बेहद सावधानी बरतते थे..हालांकि सावधानी अक्सर हट जाती थी और रंग रूपी दुर्घटना का हमला हो जाता था।होली के दिन पहले कच्चे बांस की खोखली नलियों से पिचकारी बनाई जाती थी। कोई–कोई ऐसा होता था, जिसके पास लोहे या पीतल की पिचकारी होती। अन्यथा ज्यादातर लोगों के पास बांस की पिचकारी होती, जिसका पंच किसी लकड़ी पर कपड़े लपेटकर बनाया जाता था। देसज बढ़ई इन पिचकारियों को तैयार करते थे। लेकिन अब ये पिचकारियां बीते दिनों की बात हो गई हैं। अब प्लास्टिक ने घर–घर जगह बना ली है। पूर्वांचल में सवर्ण मोहल्लों की होली और दलित या मजदूर मोहल्लों की होली में किंचित अंतर होता था। दलित या मजदूर मोहल्ले से होली के मौसम में अच्छे–भले लोग गुजरने से परहेज करते थे। कारण यह कि कब ठाकुर साहब या पंडिजी की चमकती धोती पर गोबर या नाले का कीचड़ छपाक से आ गिरे, कोई गारंटी नहीं। इसका बुरा कोई–कोई ही मानता था। आज ऊंच–नीच की बातें बहुत होती हैं। लेकिन तीन दशक पहले तक कम से कम होली में जमींदार हो या पुरोहित या बड़े ठाठ वाले ठाकुर साहब, दलित या कमेरी बस्तियों की ओर काम से भी गुजरने से परहेज करते थे, क्योंकि गोबर, कीचड़, कूड़ा कुछ भी उनके स्वागत में उन पर बरस सकता था। ज्यादातर ये हमले उन मोहल्लों की महिलाएं ही करतीं। फगुआ के दिन पूर्वांचल में सुबह हर मोहल्ले में रंग–पानी की होली होती। हर दरवाजे पर झंड बनाकर पहुंचते, एक–दूसरे को रंग लगाते और पुए खाते हुए दूसरे दरवाजे का रूख करते। इस दौरान शौकीन लोगों को भंग की ठंडाई भी मिलती, हालांकि तब भी भांग खाने या उसकी ठंडाई पीने वालों की संख्या बहुत कम होती। दलित और कमेरा बस्तियों में रंग और पानी के साथ गोबर और कीचड़ भी जुड़ जाता। जिस समय दरवाजे के बाहर होली का रंग बरस रहा होता या कीचड़ की बौछार हो रही होती, उस समय घरों में अपने–अपने इष्ट देवताओं और कुल देवताओं की पूजा हो रही होती है। यह परंपरा अब भी बदस्तूर जारी है। इस पूजा में कहीं पुए तो कहीं आटे का पीठा चढ़ाया जाता है। ये पुए भी पूरी पवित्रता से तैयार किए गए गेहूं के आटे और गुड़ से बनाए जाते हैं। इन पुओं को देसी गाय के घी में ही तला जाता है। उसे ही देवताओं को भोग लगाया जाता है। पूजा के बाद घर की महिलाएं होली खेलती हैं। रिश्ते के देवरों को भी घरों में प्रवेश की इजाजत तभी मिलती है, जब उसकी रिश्ते की भाभी घर में हो। दोपहर तक रंग और पानी का खेल चलता है। उसके बाद तालाब, नदी या ट्यूबवेल पर स्नान का त्योहार चलता है। स्नान के बाद पूर्वांचल के लोग अपने घरों को लौटते हैं और घर में बने पकवान का भोजन करते हैं। फगुआ पर पूर्वांचल में हर घर में पुए बनना जरूरी है। इसके साथ ही कटहल की सब्जी भी तकरीबन हर रसोई में बनती है। पूड़ी और चावल भी लोग बनाते खाते हैं। इसलिए इस दौरान पूर्वांचल के बाजारों में कटहल की कीमत और दिनों की तुलना में बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। फगुआ के दिन शाम को पूर्वांचल में नए कपड़े पहनने का चलन है। नए कपड़े पहन लड़कों का झुंड अबीर की पोटलियां लेकर निकल पड़ता है। इसकी शुरूआत घर के बड़े–बुजुर्गों के पैर पर अबीर रखकर प्रणाम करने से होती है। बराबरी के लोगों के चेहरे पर अबीर पोता जाता है। देवर–भौजाई के बीच भी कुछ इसी अंदाज में अबीर की सूखी होली खेली जाती है। इसी तरह नए कपड़े पहनकर लड़कियों का झुंड भी अबीर की पोटली के साथ पूरे गांव के लिए निकल पड़ती हैं। पूर्वांचल में गांव के लड़के–लड़कियों को भाई–बहन माना जाता है। चाहे वे किसी भी बिरादरी के हों, इसलिए उनके बीच देवर–भाभी जैसी होली खेलना समाज और परंपरा विरुद्ध माना जाता है। लड़कियां झुंड में घर–घर जाती हैं, अबीर लगाती हैं, इस दौरान लोगों को सूखे मेवे और गुझिया खिलाने का चलन है। पहले के दौर में शाम के वक्त ढोल–मजीरे के साथ पारंपरिक होली गीत गाने का चलन था। भोजपुरी इलाके के कुछ मशहूर फाग गीत हैं, अवध में होरी खेले रघुबीरा, अवध में होरी खेले रघुबीरा केकरा हाथे कनक पिचकारी, केकरा हाथे अबीरा, अवध में होरी खेले रघुबीरा।राम के हाथे कनक पिचकारी, लछुमन हाथे अबीरा, अवध में होरी खेले रघुबीरा। यानी अवध में राम अपने भाइयों के साथ होली खेल रहे हैं। किसके हाथ में सोने की पिचकारी है और किसके हाथ में अबीर है। राम के हाथ में सोने की पिचकारी है और लक्ष्मण के हाथ में अबीर है। अवध में इस तरह भाइयों संग राम होली खेल रहे हैं।पूर्वांचल के पारंपरिक होरी गीतों में सौंदर्य छलक–छलक उठता है। इन गीतों में सौंदर्य के देसी उपमान रहे हैं, जैसे–गोरिया पातरि हो, जइसे लचके लवंगिया के डारगोरिया पातरि हो.यानी गोरी इतनी पतली है, जैसे लौंग की डाल है। जिस तरह लौंग की डाल थोड़ी सी हवा की वजह से भी लचकती है, वैसे ही गोरी की कमर भी लचक रही है।पूर्वांचल के फाग गीतों में भक्ति भी है और हास्य भी और लास्य भीगंगा जी को समर्पित पूर्वांचली होरी गीत को देखिए, सुरसरि नांव तोहार, आहो लाल सुरसरि नांव तोहारअबकी...आहे अबकी पार उतार गंगा मइयासुरसरि नांव तोहार , आहो लाल सुरसरि नांव तोहारगंगा जी आपका नाम ठीक ही सुरसरि है , सुर यानी देवताओं की नदी। आप सबको पार लगाती है, इस बार आप मेरी जीवन नैया को पार लगा दो।पहले के दौर में ढोल–मंजीरों के साथ हर दरवाजे पर गायकों की टीम पहुंचती थी, उनका पान, लौंग और अबीर से स्वागत होता था..इस दौरान कुछ गांवों में हर दरवाजे से कुछ पैसे भी लिए जाते थे। उन पैसों को इकट्ठा करके सामाजिक कार्य के लिए सार्वजनिक सामान खरीदे जाते थे, जिनका उपयोग शादी–विवाह, मुंडन–जनेऊ में किया जाता था। इस गायन की शुरूआत आम तौर पर गांव के डीह बाबा के स्थान से होती थी। पूर्वांचल में गांव का डीह बाबा गांव के कुल देवता को या गांव के रक्षक को कहा जाता है। वैसे इस गीत की शुरूआत बसंत पंचमी के दिन होती थी, जिसे ताल ठोकना कहा जाता है। होली की रात को जब तकरीबन पूरे गांव की यह गायक टोली परिक्रमा पूरी कर लेती तो आखिरी ताल ठोकने गांव के किसी प्रतिष्ठित मंदिर पर जाती और वहां होरी के भक्ति गीत गाने के बाद आखिरी गीत चौता गाया जाता था। वह मंदिर हनुमान जी का भी हो सकता है या शंकर जी का भी...हर गांव में ऐसी प्रतिष्ठा अलग–अलग मंदिरों की रही है। पूर्वांचल में कुछ खास जातियों के अपने होरी गीत रहे हैं।

## आज का राशिफल

मेष राशि–
आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। बहुत दिनों से पेंडिंग परीक्षा का परिणाम आ सकता है। आज के दिन योजनाबद्ध और एकाग्र चित्त होकर किया गया कार्य सफल अवश्य होगा।

वृष राशि–
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी विशेष धार्मिक आयोजन में जाने का मौका मिलेगा यहां नया सीखने को मिलेगा।

मिथुन राशि–
आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहने वाला है। आज आपकी सूझबूझ और विवेक से समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी। महिलाओं का आज ऑनलाइन शॉपिंग में समय बीतेगा।

कर्क राशि–
आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज किसी महत्वपूर्ण पारिवारिक मुद्दे पर सलाह–मशवरा होगा और इसके सकारात्मक नतीजे सामने आएंगे।

सिंह राशि–
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी कार्यवाही चल रही है, तो निश्चित आज सफलता मिलेगी।

कन्या राशि–
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी खास व्यक्ति के मार्गदर्शन में किये गये कार्य अवश्य सफल होंगे। बड़े भाई से किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी विचार–विमर्श होगा।

तुला राशि–
आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आपका स्वाभिमान तथा आत्मविश्वास हर परिस्थिति में मेहनत करने की क्षमता बढ़ाएगा और आपके रुके हुए काम कम प्रयास से भी बन जाएंगे।

वृश्चिक राशि–
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपका कर्म प्रधान बनेगा और आप अपनी ऊर्जा का भरपूर इस्तेमाल करेंगे। आपको अपनी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे।

धनु राशि–
आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। धार्मिक अथवा आध्यात्मिक गतिविधियों में आपका रुझान बढ़ेगा। आपके अपने व्यक्तिगत काम भी पारिवारिक सदस्यों की मदद से पूरे हो जाएंगे।

मकर राशि–
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। इस राशि के रिसर्च स्कालर्स को आज नयी उपलब्धियां हासिल करने के शुभ योग है। किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी रूपरेखा तैयार करने से सफलता अवश्य मिलेगी।

कुम्भ राशि–
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज विदेश जाने के लिए प्रयासरत लोगों को कोई अच्छी खबर मिलने की संभावना है।

मीन राशि–
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। राजकीय कामकाज में आर ही बाधाएं आज समाप्त हो जाएंगी।था कर्मचारियों का भी भरपूर सहयोग बना रहेगा। प्रॉपर्टी संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी।

## अमेरिका द्वारा भारत को रूसी तेल खरीद पर 30-दिवसीय छूट देने के बाद कांग्रेस ने केंद्र की विदेश नीति पर तीखा हमला

अमेरिका द्वारा भारत को रूसी तेल खरीद पर 30–दिवसीय छूट देने के बाद कांग्रेस ने केंद्र की विदेश नीति पर तीखा हमला किया है। राहुल गांधी ने इसे श्एक कमजोर व्यक्ति का शोषणश बताते हुए सरकार की स्वतंत्रता पर सवाल उठाया, जबकि मनीष तिवारी ने इसे अमेरिका का श्नव–साम्राज्यवादी अहंकारश करार दिया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को भारतीय विदेश नीति को ष्एक भ्रष्ट व्यक्ति का शोषणष बताया। यह बयान तब आया जब अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले समुद्री मार्गों में व्यवधान के बीच भारत को रूसी तेल खरीदने की छूट दे दी। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने गुरुवार (स्थानीय समय) को पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के दौरान ईरान का मुकाबला करने के लिए 30 दिन के इस उपाय की घोषणा की, जिससे कच्चे तेल की आपूर्ति करने वाले खाड़ी देशों पर गंभीर असर पड़ा है।संप्रभुता के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि नई दिल्ली की विदेश नीति देश के इतिहास और मूल्यों पर आधारित होनी चाहिए। गांधी ने लिखा कि भारत की विदेश नीति हमारे लोगों की सामूहिक इच्छा से उत्पन्न होती है। यह हमारे इतिहास, हमारे भूगोल और सत्य एवं अहिंसा पर आधारित हमारे आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित होनी चाहिए। आज हम जो देख रहे हैं वह नीति नहीं है। यह एक भ्रष्ट व्यक्ति के शोषण का परिणाम है।आज सुबह कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने भी सवाल उठाया कि क्या भारत को अपने ऊर्जा स्रोतों पर निर्णय लेने के लिए अमेरिका से अनुमति की आवश्यकता है? अमेरिका के नव–साम्राज्यवादी अहंकार की आलोचना करते हुए कांग्रेस नेता ने लिखा कि 30 दिन की छूट जारी करना – यह खोखली भाषा नव–साम्राज्यवादी अहंकार से भरी है।

# होली पर रंग डालने को लेकर बाराबंकी में बवाल...दो पक्ष भिड़े, 11 घायल

संवाददाता। बाराबंकी। आरोप है कि दोनों गुटों ने करीब 10 मिनट तक एक–दूसरे पर लाठियों, डंडों और लोहे की छड़ों से हमला किया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप किया और स्थिति को नियंत्रण में लाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों को शांत कराया।पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के एक गांव में होली के दिन रंगों से खेलने को लेकर हुए विवाद ने दो गुटों के बीच हिंसक झड़प का रूप ले लिया, जिसमें कम से कम 11 लोग घायल हो गए। यह घटना बुधवार दोपहर उत्तर प्रदेश के टिकारिया गांव में घटी। पुलिस के अनुसार, रंगों से खेलने को लेकर दोनों गुटों के



बीच हुई कहासुनी जल्द ही खूनी झड़प में तब्दील हो गई। आरोप है कि दोनों गुटों ने करीब 10 मिनट तक एक–दूसरे पर लाठियों, डंडों और लोहे की छड़ों से हमला किया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप किया और स्थिति को नियंत्रण में लाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि एक पक्ष के आठ और दूसरे पक्ष के तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि सभी घायलों को चिकित्सा जांच के लिए भेजा गया है। एक ग्रामीण अवधेश ने आरोप लगाया कि जब घर में कोई पुरुष सदस्य नहीं था, तब विरोधी गुट के सदस्य उसके घर में घुस आए और उसके परिवार पर हमला किया। उसने दावा किया कि जब वह और अन्य लोग वहां पहुंचे और बीच–बचाव करने की कोशिश की, तो उन्हें भी पीटा गया। अवधेश ने आगे आरोप लगाया कि चार लोगों ने उसे पकड़ लिया और चाकू से उस पर हमला किया। पुलिस ने बताया कि झड़प के बाद गांव में तनाव फैल गया था, लेकिन फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। देवा थाना अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि दोनों पक्षों ने शिकायतें दर्ज कराई हैं और उनके आधार पर मामला दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घायलों की चिकित्सा जांच की जा रही है।

## प्रयागराज के प्रखर शुक्ला को 787वीं और शिवानी त्यागी को 807वीं रैंक

प्रयागराज(आरएनएस )। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की आरे से घोषित सिविल सेवा परीक्षा–2025 के अंतिम परिणाम में प्रयागराज के युवाओं ने अपनी मेहनत और लगन से उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस सूची में प्रखर शुक्ला और शिवानी त्यागी ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया। मूलरूप से बस्ती के हरैया के रहने वाले प्रखर शुक्ला का परिवार प्रयागराज शहर के अल्लापुर मुहल्ले में रहता है। पिता डॉ. पंकजेश कुमार शुक्ला वासुदेव रामकृष्ण महाविद्यालय सोरांव में प्राचार्य हैं। प्रखर ने एमएल कान्वेंट से 12वीं करने के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीएससी किया। इसके बाद पहले प्रयास में साक्षात्कार तक पहुंचे और चयन से महज 21 नंबर पीछे रह गए। हापुड़ की शिवानी त्यागी ने भी सिविल सेवा परीक्षा 2025 में 807वीं रैंक हासिल कर सफलता प्राप्त की है। शिवानी त्यागी ने अपनी तैयारी प्रयागराज में अपनी बहन मीनू त्यागी के यहां रहकर की। मीनू त्यागी रेलवे में अधिकारी हैं। शिवानी के पिता हृदेश त्यागी परिवहन व्यवसाय से जुड़े हैं। उनके एक भाई रेलवे पुलिस में कार्यरत हैं जबकि दूसरा भाई पारिवारिक ट्रांसपोर्ट व्यवसाय संभालता है। शिवानी का यह अंतिम प्रयास था और उन्होंने इसी प्रयास में सफलता प्राप्त कर अपनी मेहनत को सार्थक कर दिया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि शिवानी शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं और प्रशासनिक सेवा में जाने का सपना लंबे समय से देख रही थीं। उनकी सफलता से परिवार और क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। शिवानी की बहन मीनू त्यागी के साथ–साथ उनके बहनोई राहुल सिंह भी रेलवे में अधिकारी हैं जिससे परिवार में प्रशासनिक और सरकारी सेवाओं की प्रेरणादायक परंपरा दिखाई देती है।

## जनता दर्शन में पुलिस अधीक्षक ने सुनी जन समस्याएं

श्रावस्ती (आरएनएस )। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी' द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित 'जनता दर्शन' के दौरान आमजन की शिकायतों व समस्याओं को गंभीरता से सुना गया।इस दौरान 'जमीनी विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद, रूपए लेनदेन,महिला सम्बन्धी एवं अन्य प्रकार के प्रकरणों' से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्रत्येक प्रकरण पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को 'शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण' के निर्देश दिए गए। जनता दर्शन के माध्यम से पुलिस प्रशासन और आमजन के मध्य संवाद स्थापित कर त्वरित न्याय की भावना को सशक्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

## बाल कल्याण व संरक्षण समिति बैठक सम्पन्न

श्रावस्ती (आरएनएस )। विकास खण्ड जमुनहा स्थित ग्राम पंचायत कथरा माफी में ग्राम स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में ग्राम को बाल विवाह और बाल श्रम मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। यह बैठक देहात इंडिया संस्था के सहयोग से संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान ने की। इसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चंदन कुमारी, एएनएम रीता सोनकर, आशा कार्यकर्ता गीता देवी, पुलिस विभाग से उप निरीक्षक सूरज गौड़ और आरक्षी विजय कुमार लाल उपस्थित रहे। गांव के अन्य गणमान्य नागरिक और देहात इंडिया संस्था के प्रतिनिधि सारजन वर्मा व सरोज पटेल भी मौजूद थे। बैठक के दौरान बाल अधिकारों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। इसमें बाल विवाह उन्मूलन, बाल श्रम पर रोक, विद्यालय छोड़ चुके बच्चों का पुनः नामांकन, किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार तथा सरकारी योजनाओं से वंचित बच्चों को लाभ दिलाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई पुलिस और शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों ने बच्चों की सुरक्षा के लिए जागरूकता बढ़ाने और सतर्कता बरतने पर जोर दिया।

## वाहन सवार बदमाशों ने छात्र दिनदहाड़े किया अपराध

प्रयागराज(आरएनएस )। मेजा में शुक्रवार दोपहर 12 बजे दिनदहाड़े स्कार्पियो सवार बदमाशों ने इंटर की छात्रा का अपहरण कर लिया। छात्रा अपनी छोटी बहन के साथ ऊंचडीह बस स्टॉप बाजार से मार्केट कर पैदल घर लौट रही थी। छोटी बहन रोती रही लेकिन बेखौफ बदमाश इंटर की छात्रा को जबरी अपनी गाड़ी में बैठा कर भाग गए। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो ग्रामीण संग वह सड़क पर आ गए। आक्रोशित परिजनों ने हाईवे पर चक्का जाम कर बेटी की बरामदगी और बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। मौके पर मेजा के एसीपी संत प्रसाद उपाध्याय के साथ मेजा और मांडा पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार मांडा थाना क्षेत्र के लक्षन चौकठा गांव के सूर्य नारायण यादव गांव के समीप ही बिल्डिंग की दुकान चलाते हैं। शुक्रवार दोपहर में उनकी बड़ी बेटी इंटर की छात्रा पुष्पा यादव (17) अपनी छोटी बहन रूपा यादव (13) के साथ ऊंचडीह बस स्टॉप बाजार करने गई थी। दोनों बहनें पैदल ही घर लौट रही थीं कि जैसे हाईवे पर भरारी गांव के सामने पहुंची वैसे ही पीछे से तेज स्पीड में ब्लैक कलर की स्कॉर्पियो आ खड़ी हुई। स्कॉर्पियो से नीचे उतरे दो लोगों ने पुष्पा यादव को जबरन खींचकर स्कॉर्पियो में बैठा लिया और भाग निकले।यह सब देख छोटी बहन रूपा यादव रोती चिल्लाती रही लेकिन बेखौफ बदमाश उसे लेकर मांडा की तरफ भाग गए। इसकी सूचना परिजनों को हुई तो वह ग्रामीणों संग सड़क पर आ गए। आक्रोशित परिजनों ने लक्षन चौकठा गांव के सामने हाईवे को जाम कर दिया। सूचना पर मेजा के एसीपी संत प्रसाद उपाध्याय मेजा थाने के इंस्पेक्टर दीनदयाल सिंह और मांडा इंस्पेक्टर के साथ मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गए। परिजनों की मांग है कि बेटी की बरामदगी के साथ बदमाश तत्काल गिरफ्तार किए जाएं। घटना को लेकर मां का रो–रो कर बुरा हाल है। दिन दहाड़े हुई इस वारदात से कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। क्षेत्रीय विधायक संदीप पटेल मौके पर पहुंच गए।

# शराब पिलाने के बाद पीट- पीटकर युवक की हत्या

## फिर शव दफनाया, तीन गिरफ्तार

प्रयागराज(आरएनएस )। शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में जमीन में दफन शव मिलने के मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। युवक की बेरहमी से हत्या की गई थी। उसे पहले शराब पिलाकर पीट–पीटकर मौत के घाट उतारा गया और फिर उसका शव जमीन में दफना दिया गया। कत्ल की वजह यह थी कि मारा गया युवक मुख्य आरोपी की बेटी से बात करता था। इस मामले में मुख्य आरोपी समेत तीन को हिरासत में लिया गया है। ज्ञात हो कि शंकरगढ़ में सुबह कल्याणपुर गांव में नाले के पास टंडन वन गांव के रहने वाले कृष्णा आदिवासी (27) की लाश जमीन में दफन मिली थी। वह सात दिन से लापता था। सुबह वह मजदूरी पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद वह नहीं लौटा। रात होने पर घरवाले खोजबीन में जुटे। आसपास के साथ ही रिश्तेदारों से भी पूछा लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। उसका शव दो टुकड़ों में मिला था। परिवारवालों ने हत्या की आशंका जताते हुए यह भी दावा किया था कि उसके दोनों हाथ भी कलाई से कटे हुए थे। शंकरगढ़ पुलिस इस मामले को हादसा बताती रही। दरअसल शव तब बरामद हुआ जब नाले के पास की जमीन की खुदाई हो रही थी। शव दो टुकड़ों में मिलने के बाबत स्थानीय पुलिस यह कहती रही कि जेसीबी की चपेट में आने से शव कट गया।उधर परिवारवाले लगातार हत्या की आशंका जताते रहे। उनका यह भी कहना था कि कृष्णा का फोन गायब है और उसे आखिरी बार किसी ने फोन कर बुलाया था। भाई राकेश ने बताया था कि रोज वह मजदूरी पर जाता था और घर से निकलने से पहले उसने शटरिंग के काम के लिए जाने की बात बताई थी। हालांकि फोन आने पर उसे बालू ढुलाई के लिए बुलाया गया था। उसने संदेह जताया था कि रोज जब वह मकान निर्माण के काम में मजदूरी के लिए जाता था तो आखिर उस दिन उसे कोई बालू ढुलाई के लिए क्यों ले गया।पुलिस के अनुसार उसके मोबाइल की सीडीआर निकलवाने पर कुछ अहम क्लू मिले। पता चला कि आखिरी बार उसकी किन लोगों से और कितनी देर बात हुई। इसी आधार पर कुछ संदिग्धों को उठाया गया। इन्हीं में से एक शंकरगढ़ का ही रहने वाला कोल बिरादरी का एक व्यक्ति भी था। पहले तो वह कृष्णा से मिलने की बात से ही इंकार करता रहा लेकिन उसकी कई बातों में विरोधाभास था और इस वजह से वह मुख्य संदिग्ध बन गया।सख्ती से पूछताछ किए जाने पर उसने जो खुलासा किया, उसे सुनकर पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। उसने बताया, कृष्णा मेरे ही साथ उठता बैठता था लेकिन उसकी नीयत सही नहीं थी। उस पर मैंने भरोसा किया, घर में बैठाया। लेकिन उसने मेरे ही साथ दगा किया। मेरी ही बेटी पर बुरी नजर रखने लगा। मुझसे छिपकर उससे बातें करता था। जब मुझे पता चला, मेरा खून खौल उठा। इसके बाद ही मैंने ठान लिया कि उसे सबक सिखाकर रहूंगा।पुलिस के अनुसार तय योजना के मुताबिक उसने अपने दो दोस्तों को भी तैयार किया। 17 फरवरी को कृष्णा को बुलाया और फिर तीनों ने साथ में शराब पी। कृष्णा को शराब पिलाकर धुत कर दिया और फिर मौका पाकर उसे दबोच लिया। इसके बाद उसे रॉड से पीट–पीटकर मार डाला। फिर लाश को जमीन में दफना कर भाग निकले।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जांच पड़ताल में पता चला कि आरोपी पहले भी मां–बेटी की हत्या में जेल जा चुका है। उससे पूछताछ के बाद घटना में शामिल दो अन्य लोगों को भी हिरासत में ले लिया गया।

## अधिकारियों, कर्मचारियों ने एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर होली की दी बधाईयां

कुशीनगर, (आरएनएस)। जिलाधिकारी कुशीनगर व पुलिस अधीक्षक कुशीनगर की उपस्थिति में पुलिस लाइन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई।

जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की उपस्थिति में पुलिस लाइन में आयोजित होली मिलन समारोह में सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खुशियां जाहिर की और एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। समारोह में, पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने ढोल–नगाड़ों की थाप पर जमकर डांस किया और एक–दूसरे को गुलाल लगाया। सभी ने एक साथ मिलकर होली के पारंपरिक गीत और एक–दूसरे को मिठाई खिलाई।

समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने एक–दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। यह कार्यक्रम पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच एकता और सौहार्द का प्रतीक रहा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर की मौत

प्रयागराज(आरएनएस )। बिहार के कैमूर जिले के भभुआ निवासी 44 वर्षीय मोहम्मद रियाजुद्दीन की संदिग्ध दशा में प्रयागराज शहर में गुरुवार रात मौत हो गई। शुक्रवार सुबह शहर के मुट्ठीगंज थानाक्षेत्र के महारानीदीन के हाते के पास उसकी लाश मिली। इससे स्थानीये लोगों में खलबली मच गई।शव मिलने की सूचना पाकर मौके पर पहुंची मुट्ठीगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। उसके कपड़ों की तलाशी के दौरान आधार कार्ड मिला, जिससे उसकी पहचान हो सकी। शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले। ऐसे में रियाजुद्दीन की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई, यह रहस्य बना है।इस संबंध में पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण साफ होगा। फिलहाल परिवार वालों को सूचना दी गई है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि हनीफ का बेटा रियाजुद्दीन मुट्ठीगंज मुट्ठीगंज क्षेत्र में मजदूरी करता था। यहां वह अकेले ही रहता था।

# मुस्लिम परिवार ने होलियारों पर बरसाए फूल



प्रयागराज(आरएनएस )। उतराव थाना क्षेत्र के नीमी थरिया गांव में होली के तीसरे दिन गंगा–जमुनी तहजीब की मिसाल देखने को मिली। यहां गांव निवासी मोहम्मद मुस्लिम ने अपने घर के सामने से गुजर रहे होली के जुलूस का स्वागत किया।जब होलियारों की टोली गांव से गुजर रही थी, तब मोहम्मद मुस्लिम अपने परिवार के साथ घर के बाहर खड़े थे। उन्होंने छत से फूलों की वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। मोहम्मद मुस्लिम ने होलियारों के साथ रंग–गुलाल उड़ाकर होली की खुशियां भी साझा कीं।इस दृश्य को देखने के लिए आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। पूरे माहौल में आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश साफ दिखाई दे रहा था। हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक–दूसरे को रंग लगाकर और गले मिलकर होली की बधाई दी। गांव के लोगों ने बताया कि नीमी थरिया में वर्षों से होली के तीसरे दिन इसी तरह सौहार्दपूर्ण माहौल में जुलूस निकाला जाता है। यहां होली और ईद जैसे सभी त्योहारों पर लोग मिलजुल कर खुशियां मनाते हैं।

## हत्या के प्रयास के मामले में वांछित अभियुक्तगिरफ्तार, भेजा गया जेल

कुशीनगर, (आरएनएस)। जनपद के तुर्कपट्टी पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

एसपी मीडिया सेल से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तुर्कपट्टी पुलिस ने मु0अ0सं0 51/2026 धारा 109/352/351(3) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त रामानन्द गौड़ पुत्र बुद्धिराम प्रसाद पता मझगवा थाना खुखुन्दु जनपद देवरिया का निवासी बताया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह, उ0नि0 कैलाश यादव, हे0का0 श्याम जनम सिंह, का0 आकाश राय शामिल रहे।

## डीजल, पेट्रोल पम्पों से डिब्बा, कन्टेनर, बोतल में ईंधन की आपूर्ति किया गया प्रतिबंधित

कुशीनगर (आरएनएस) जनपद के समस्त डीजल एवं पेट्रोल पम्प संचालकों, वितरकों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी दशा में डिब्बा, कन्टेनर, बोतल या अन्य किसी पात्र में पेट्रोल या डीजल की आपूर्ति न की जाए। प्रत्येक की स्थिति में ईंधन की आपूर्ति केवल दो पहिया, चार पहिया एवं अन्य भारी वाहनों के ईंधन टैंक में ही की जाएगी। उक्त जानकारी जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय ने देते हुए बताया कि इस संबंध में पूर्व में भी निर्देश जारी किए जा चुके हैं। सभी पम्प संचालक उक्त निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया है कि निरीक्षण या जांच के दौरान यदि किसी पेट्रोल, डीजल पम्प पर डिब्बे, कन्टेनर या बोतल में ईंधन की आपूर्ति किए जाने की पुष्टि होती है, तो संबंधित पम्प संचालक के विरुद्ध लाइसेंसिंग शर्तों एवं मार्केटिंग डिसिप्लीन गाइडलाइन के प्रावधानों के तहत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनपद के समस्त पेट्रोल पम्प संचालकों से निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की अपील किया है।

## बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्रों के बारे में अफवाह फैलाने में चार यूटूब चौनल पर कार्रवाई

प्रयागराज(आरएनएस )। माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों के बारे में अफवाह फैलाने वाले चार यूट्यूब चौनल के खिलाफ साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। यह कार्रवाई परिषद के सचिव भगवती सिंह की तहरीर पर की गई है। सचिव ने आरोपियों द्वारा प्रश्न पत्रों के वायरल होने का भ्रामक पोस्ट डालने का दावा किया है।बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने छह फरवरी को साइबर पुलिस को पत्र लिखकर बताया था कि कुछ यूट्यूब चौनल ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों के वायरल होने का दावा करते हुए अफवाह फैलाई थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि अफवाह फैलाने वाले यूट्यूब चौनल ने माध्यमिक शिक्षा परिषद की शुचिता को ठेस पहुंचाई है। सचिव की शिकायत पर साइबर पुलिस ने बृहस्पतिवार को चार यूटयूब चौनल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जिन यूट्यूब चौनलों पर कार्रवाई की गई टारगेट बोर्ड आर्ट क्लास, ऑनलाइन स्टडी विद दिवाकर सर, स्मार्ट एकेडमी और साइंस की पढ़ाई शामिल हैं।

# भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को बर्बाद कर दिया, कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल- अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस )।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को बर्बादी की ओर धकेल दिया है। प्रदेश में हत्या, लूट और बलात्कार जैसी गंभीर आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का दावा पूरी तरह झूठा साबित हो चुका है।अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के कारनामों से त्रस्त है। सरकार और मुख्यमंत्री झूठे आंकड़ों के सहारे जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि वास्तविक स्थिति यह है कि प्रदेश में कोई भी सुरक्षित नहीं है। अपराधी तत्व और दबंग सत्ता के संरक्षण में बेलगाम हो चुके हैं और खुलेआम हत्याओं तथा अन्य अपराधों को अंजाम दे रहे हैं।उन्होंने कहा कि बुधवार को जौनपुर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र में परिवहन निगम की अनुबंधित बस के चालक ललई यादव की पीट–पीट कर हत्या कर दी गई। आरोप है कि मुख्य आरोपी ने सड़क पर ललई यादव की गर्दन पर पैर रखकर उन्हें दबा दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। इसी तरह बुलंदशहर के पचौता गांव में आयोजित मेले में एक छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई। आजमगढ़ में दुष्कर्म पीड़िता की हत्या कर दी गई। लखनऊ के सरोजनीनगर क्षेत्र के बिजनौर में एक महिला का मंगलसूत्र लूट लिया गया, जबकि कृष्णानगर के इंद्रलोक कॉलोनी में बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला की चेन लूट ली। चंदौली में फार्महाउस में सो रहे युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई।अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में अपराधियों के मन से कानून और पुलिस का डर खत्म हो चुका है। भाजपा सरकार निष्क्रिय हो गई है और आपराधिक तत्वों तथा दबंगों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में हर दिन सैकड़ों आपराधिक घटनाएं हो रही हैं और आम जनता खुद को असहाय महसूस कर रही है।उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के पास झूठे दावों के अलावा कुछ नहीं है। इस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में कई तरह के माफिया सक्रिय हो गए हैं। कहीं भूमाफिया, कहीं खनन माफिया तो कहीं अवैध लकड़ी माफिया प्रदेश के संसाधनों को लूट रहे हैं।समाजवादी पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा की झूठ और लूट की सरकार से तंग आ चुकी है और उसे सत्ता से [illegible] है। उन्होंने कहा कि [illegible] 2027 में जनता [illegible] की भ्रष्ट और अराजक सरकार को सत्ता से बाहर कर देगी।

## भारत की जीत पर सडकों पर उतरे फैंस

प्रयागराज(आरएनएस )। टी–20 वर्ल्ड कप के रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इंग्लैंड पर मिली इस बड़ी जीत के बाद उत्तर प्रदेश के कई शहरों में जश्न का माहौल देखने को मिला।होली के बाद जैसे दिवाली का माहौल बन गया। क्रिकेट प्रेमी बड़ी संख्या में सड़कों पर उतर आए। कई युवा बाइकों पर भारत का तिरंगा लेकर शहर में घूमते नजर आए। जगह–जगह जमकर आतिशबाजी की गई और भारत की जीत का जश्न मनाया गया।प्रयागराज में भी जीत का उत्साह साफ दिखाई दिया। सड़कों पर हजारों की संख्या में समर्थक इकट्ठा हुए और डीजे की धुन पर जमकर नाचे। चारों तरफ लोगों के हाथों में तिरंगा लहराता दिखा और भारत माता की जय के नारे गूंजते रहे।लोकनाथ चौक, कटरा और सिविल लाइंस जैसे इलाकों में समर्थकों ने सड़कों पर उतरकर जोरदार जश्न मनाया। होली के दिन दिवाली जैसा माहौल बन गया, जहां लोग आतिशबाजी करते हुए भारत की जीत का जश्न मनाते नजर आए।भारत की इस शानदार जीत ने क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह भर दिया है और अब सभी की निगाहें फाइनल मुकाबले पर टिकी हुई हैं।

# इलेक्ट्रिसिटी (संशोधन) बिल 2025 के विरोध में 10 मार्च को देशव्यापी प्रदर्शन की तैयारी,

लखनऊ(आरएनएस )।केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित इलेक्ट्रिसिटी (संशोधन) बिल 2025 को 10 मार्च को संसद में पेश किए जाने की संभावना के बीच देशभर के बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स (एनसीसीओईईई) के आह्वान पर लगभग 27 लाख बिजली कर्मचारी और इंजीनियर 10 मार्च 2026 को कार्य बहिष्कार कर देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करेंगे।इस संबंध में निर्णय एनसीसीओईईई की ऑनलाइन बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने की। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि यदि केंद्र सरकार इस बिल को संसद में पेश करती है तो बिजली क्षेत्र से जुड़े कर्मचारी और इंजीनियर सड़कों पर उतरकर इसका जोरदार विरोध करेंगे।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि एनसीसीओईईई की ओर से केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर मांग की जाएगी कि किसान विरोधी, उपभोक्ता विरोधी और कर्मचारी विरोधी बताए जा रहे इलेक्ट्रिसिटी (संशोधन) बिल 2025 को संसद में पेश न किया जाए। संगठन का कहना है कि यह बिल बिजली क्षेत्र के निजीकरण को बढ़ावा देगा और इससे किसानों, गरीब उपभोक्ताओं तथा बिजली कर्मचारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि इससे पहले विद्युत मंत्रालय ने इस बिल पर हितधारकों से सुझाव मांगे थे। देशभर के पावर सेक्टर से जुड़े फेडरेशनों, ट्रेड यूनियनों और संगठनों ने सर्वसम्मति से इसे जनविरोधी बताते हुए वापस लेने की मांग की थी। हालांकि इन सुझावों को सार्वजनिक नहीं किया गया और न ही परामर्श बैठकों की कार्यवाही जारी की गई।उन्होंने आरोप लगाया कि 30 जनवरी 2026 को विद्युत मंत्रालय द्वारा गठित वर्किंग ग्रुप में ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोसिएशन को भी शामिल किया गया, ।

## लोकनाथ में पहली बार महिलाओं ने खेली होली

प्रयागराज(आरएनएस )। चौक स्थित लोकनाथ व्यायामशाला परिसर में शुक्रवार को होली के तीसरे दिन जमकर रंगों का उत्सव मनाया गया। इस बार आयोजन की खास बात यह रही कि पहली बार महिलाओं और युवतियों के लिए विशेष रूप से होली का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां शामिल हुईं। डीजे की धुन पर महिलाओं ने अबीर–गुलाल उड़ाते हुए उत्साह के साथ होली खेली। रंगों से सराबोर माहौल में सभी ने एक–दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और जमकर नृत्य किया। पूरे परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।

गौरतलब है कि लोकनाथ में वर्षों से ऐतिहासिक होली खेलने की परंपरा रही है। अब तक यहां होली के आयोजन में मुख्य रूप से पुरुष और युवा ही हिस्सा लेते थे। लेकिन इस बार पहली बार होली के तीसरे दिन महिलाओं के लिए अलग से आयोजन किया गया, जिसे लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।आयोजक निखिल पांडेय ने बताया कि हर वर्ष यहां लड़कों की होली खेली जाती थी, लेकिन इस बार कुछ युवतियों के समूह ने भी होली खेलने की इच्छा जताई थी। उनकी इसी मांग को देखते हुए इस बार महिलाओं के लिए विशेष आयोजन किया गया।उन्होंने बताया कि महिलाओं की इस होली को लेकर काफी उत्साह रहा और बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने इसमें हिस्सा लिया। रंग, गुलाल और संगीत के बीच सभी ने सुरक्षित और उत्साहपूर्ण माहौल में होली का आनंद लिया।प्रयागराज की प्रसिद्ध लोकनाथ की ऐतिहासिक कपड़ा फाड़ होली का जश्न आज भी हुई। शुक्रवार सुबह युवाओं ने जमकर मस्ती की। जॉनसनगंज से लेकर लोकनाथ तक सड़कों पर 50 हजार युवाओं ने अबीर गुलाल उड़ाया। एक दूसरे के कपड़े फाड़ कर हैप्पी होली बोला। हाथों में शराब की बोतलें लेकर पानी की बौछार के बीच नाकाबंदी, तोहरा राजाजी का दिलवा टूट जाई जैसे भोजपुरी गानों पर डांस किया।

# टी 20 वर्ड कप 2026 के फाइनल में पहुंचा भारत, अहमदाबाद में न्यूजीलैंड से खिताबी भिड़ंत

इंग्लैंड को 7 रन से हराकर भारत फाइनल में पहुंच गया है। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान 253 रन बनाए, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने जैकब बेथल की शतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में सात विकेट खोकर 246 रन बनाए। जैकब ने इस दौरान 105 रन की बेहतरीन पारी खेली। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 7 रन से हराकर भारत फाइनल में पहुंच गया है। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान 253 रन बनाए, जिस भारत अब फाइनल में रविवार को न्यूजीलैंड से भिड़ेगा और टी20 विश्व का खिताब बचाने वाली पहली टीम बनकर इतिहास रचने की कोशिश करेगा। सैमसन ने इससे पहले 15 रन के स्कोर पर मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए 42 गेंद में सात छक्कों और आठ चौकों से 89 रन की पारी खेलने के अलावा इशान किशन (39 रन, 18 गेंद, चार चौके दो छक्के) के साथ दूसरे विकेट के लिए 45 गेंद में 97 और शिवम दुबे (43 रन, 25 गेंद, चार छक्के, एक चौका) के साथ तीसरे विकेट के लिए 22 गेंद में 43 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने सात विकेट पर 253 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास में नॉकआउट मुकाबलों का सर्वोच्च स्कोर है।हार्दिक पंड्या (12 गेंद में 27 रन, तीन चौके, दो छक्के) और तिलक वर्मा (सात गेंद में 21 रन, तीन छक्के) ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। भारत की पारी में 19 छक्के लगे जो टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।




इंग्लैंड की ओर से स्पिनरों विल जैक्स (40 रन पर दो विकेट) और आदिल राशिद (41 रन पर दो विकेट) ने दो–दो विकेट चटकाए। तेज गेंदबाजों जोफ्रा आर्चर और सैम कुरेन ने क्रमशरू 61 और 53 रन लुटाए। आर्चर को एक विकेट मिला जबकि कुरेन की झोली खाली रही। भारत के 254 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम बेथेल (105 रन, 48 गेंद, सात छक्के, आठ चौके) के शतक और विल जैक्स (35 रन, 20 गेंद, चार चौके, दो छक्के) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 77 तथा सैम कुरेन (18) के साथ छठे विकेट की 50 रन की साझेदारी के बावजूद सात विकेट पर 246 रन ही बना सकी। भारत की ओर से हार्दिक पंड्या ने 38 रन देकर दो विकेट चटकाए।

# सेमीफाइनल में संजू सैमसन की बेहतरीन बल्लेबाजी, विराट कोहली के इस बड़े रिकार्ड की बराबरी की

संजू सैमसन इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में बेहतरीन पारी खेलकर छा गए। हालांकि, वह इस दौरान महज 11 रन से अपने शतक से चूक गए। उन्होंने बतौर ओपनर 42 गेंदों में 89 रन की अहम पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 8 चौके और सात छक्के भी जड़े। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में बेहतरीन पारी खेलकर छा गए। हालांकि, वह इस दौरान महज 11 रन से अपने शतक से चूक गए। उन्होंने बतौर ओपनर 42 गेंदों में 89 रन की अहम




पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 8 चौके और सात छक्के भी जड़े। सैमसन भले ही शतक से चूक गए लेकिन उन्होंने कमाल कर दिया। उन्होंने विराट कोहली के एक धाकड़ की बराबरी कर ली है। वह टी20 वर्ल्ड कप नॉकआउट में भारत के लिए संयुक्त रूप से सबसे बड़ी पारी खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। कोहली ने2016 टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में 47 गेंदों में 11 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 89 रन जुटाए थे। वहीं संजू टी20 नॉकआउट में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले टॉप 5 खिलाड़ी की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स को पछाड़ा है। हेल्स ने 2022 में भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में 86 रन जोड़े थे। न्यूजीलैंड के फिन एलन टूर्नामेंट के नॉकआउट में शतक जड़ने वाले एकमात्र क्रिकेट हैं।

# संजू सैमसन और ईशान किशन ने तोड़ा 19 साल पुराना रिकश्र्ड, इस दिग्गज को पछाड़ा

संजू सैमसन और ईशान किशन ने एक 19 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। भारत और इंग्लैंड का सेमीफाइनल मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में सैमसन और ईशान के बीच 97 रनों की पार्टनरशिप हुई जो टी20 वर्ल्ड कप के नॉकआउट मैच में भारत के लिए सबसे बड़ी पार्टनरशिप है।टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल मैच भारत और इंग्लैंड के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। जहां संजू सैमसन और ईशान किशन ने एक 19 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। भारत और इंग्लैंड का सेमीफाइनल मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में सैमसन और ईशान के बीच 97 रनों की पार्टनरशिप हुई जो टी20 वर्ल्ड कप के नॉकआउट मैच में भारत के लिए सबसे बड़ी पार्टनरशिप है। उन्होंने युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा का रिकॉर्ड तोड़ा है। युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा ने 2007 टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 84 रनों की साझेदारी की थी। युवराज और उथप्पा ने महज 39 गेंदों में 84 रन जोड़ दिए थे। ये अब तक टी20 वर्ल्ड कप किसी नॉकआउट मैच में भारत के लिए



सबसे बड़ी पार्टनरशिप थी। अब 19 साल बाद संजू सैमसन और ईशान किशन ने 97 रनों की साझेदारी कर इस रिकॉर्ड को तोड दिया है। सैमसन और किशन ने 45 गेंदों में 97 रनों की पार्टनरशिप की। ईशान 18 गेंद में 39 रन बनाकर आउट हो गए, जबकि सैमसन ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में 26 गेंदों में फिफ्टी पूरी कर ली थी।

# टी 20 वर्ड कप 2026 के दौरान पाकिस्तान खिलाड़ी ने की महिला स्टाफ के साथ गलत हरकत, हुआ बड़ा खुलासा

वहीं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने खिलाड़ियों के खिलाफ एक्शन लेते हुए 50–50 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना भी लगाया। अब इन सब के बीच एक चौंकाने वाली खबर ये कि, पाकिस्तान टीम ने अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे जहां होटल में एक ऐसी घटना हुई जिससे पाकिस्तान टीम के मैनेजर नवीद चीमा को सख्त एक्शन लेने की जरूरत पड़ गई है। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम का बेहद निराशाजनक प्रदर्शन रहा, जिसके कारण खिलाड़ियों को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा रहा है। वहीं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने खिलाड़ियों के खिलाफ एक्शन लेते हुए 50–50 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना भी लगाया। अब इन सब के बीच एक चौंकाने वाली खबर ये कि, पाकिस्तान टीम ने अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे जहां होटल में एक ऐसी घटना हुई जिससे पाकिस्तान टीम के मैनेजर नवीद चीमा को सख्त एक्शन लेने की जरूरत पड़ गई है। श्रीलंका में होटल स्टाफ के साथ पाकिस्तान के एक खिलाड़ी पर कथित तौर पर बुरे व्यवहार का आरोप लग है, जिसके बाद इस खिलाड़ी पर जुर्माना भी लगाया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये घटना श्रीलंका के कैंडी स्थित गोल्डन क्राउन होटल में हुई, जहां पाकिस्तान टीम टी20 वर्ल्ड कप के लिए ठहरी हुई थी।आरोप के अनुसार, पाकिस्तानी टीम के एक खिलाड़ी ने महिला हाउसकीपिंग स्टाफ के साथ खराब व्यवहार किया जिसके बाद होटल के अधिकारियों ने इसकी शिकायत नवीद चीमा की ओर से इस मामले को जल्दी निपटाया गया था लेकिन




पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मैनेजर पाकिस्तानी टीम के मैनेजर नवीद चीमा से की। इस मामले के बाद नवीद चीमा ने खिलाड़ी पर जुर्माना लगाया और होटल मैनेजमेंट से माफी भी मांगी। अब उस खिलाड़ी को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की डिसिप्लिनरी कमिटी के सामने पेश होने की संभावना है जहां आगे की कार्रवाई हो सकती है।

# शेयर बाजार में रौनक! 3 दिनों की गिरावट के बाद सेंसेक्स 900 अंक उछला, निफ्टी 24,700 के पार

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 900 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी में 285 अंक की तेजी रही। हाल की गिरावट के बाद वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के अनुरूप घरेलू बाजार बढ़त में रहे।स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 900 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी में 285 अंक की तेजी रही। हाल की गिरावट के बाद वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के अनुरूप घरेलू बाजार बढ़त में रहे। तीस शेयरों पर आधारित सेंसक्स में चार दिन से जारी गिरावट पर विराम लगा और यह 899.71 अंक यानी 1.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,015.90 अंक पर बंद हुआ।कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,187.64 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 285.40 अंक यानी 1.17 प्रतिशत चढ़कर 24,765.90 पर बंद हुआ। इसके साथ बाजार में लगातार तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और इंटरग्लोब एविएशन प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं।वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.84 प्रतिशत बढ़कर 82.90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग भी बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजारों में भी दोपहर के कारोबार में बढ़त का रुख था। अमेरिकी बाजार बुधवार को सकारात्मक स्तर पर बंद हुए थे।इसे भी पढ़ेंरू ळतमंजमत छवपकं ॅमेज को मिली श्सुपर स्पेशलिटीश सौगात, ब्ड योगी ने किया कपिल देव के ज्ञक्ळै अस्पताल का उद्घाटनशेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी हुआ था।

# दिल्ली में कई दिनों तक फंसी रही Zimbabwe क्रिकेट टीम, ICC ने कराई सुरक्षित वतन वापसी

ईरान में तनाव के चलते खाड़ी हवाई मार्ग प्रभावित होने से दिल्ली में रुकी जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम की वापसी शुरू हो गई है। आईसीसी द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने के बाद खिलाड़ी अलग–अलग समूहों में इथियोपिया के रास्ते अपने देश लौट रहे हैं।दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से फंसी जिम्बाब्वे की पुरुष क्रिकेट टीम अब धीरे–धीरे अपने देश लौटना शुरू कर चुकी है। मौजूद जानकारी के अनुसार खाड़ी क्षेत्र के हवाई मार्ग बंद होने के कारण टीम कई दिनों तक भारत में ही रुकने को मजबूर हो गई थी। यह स्थिति तब बनी जब अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर किए गए हमलों के बाद क्षेत्रीय हवाई मार्गों पर असर पड़ा।बताया जा रहा है कि टीम को टी20 विश्व कप 2026 में अपने अभियान के समाप्त होने के बाद 2 मार्च को भारत से रवाना होना था। हालांकि खाड़ी देशों के ऊपर से गुजरने वाली




उड़ानों में बाधा आने के कारण उनकी यात्रा टल गई। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने हस्तक्षेप करते हुए टीम के लिए वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था कराई।जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में कहा कि आईसीसी की ओर से नई यात्रा योजना तैयार की गई है, जिसके बाद टीम अब भारत से अपने देश लौट रही है। उपलब्ध उड़ानों और बदले हुए रूट की वजह से खिलाड़ियों को अलग–अलग समूहों में भेजा जा रहा है।मौजूद जानकारी के अनुसार खिलाड़ियों का पहला दल बुधवार को भारत से रवाना हो गया, जबकि अंतिम समूह के शुक्रवार दोपहर तक भारत से निकलने की संभावना बताई जा रही है। टीम को पहले दुबई के रास्ते हरारे पहुंचना था, लेकिन खाड़ी क्षेत्र का हवाई मार्ग प्रभावित होने के कारण अब नया रूट तय किया गया है।गौरतलब है कि अब जिम्बाब्वे की टीम इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा के रास्ते अपने देश लौट रही है। इस बदलाव के चलते यात्रा में अतिरिक्त समय भी लग रहा है, लेकिन इससे खिलाड़ियों के सुरक्षित लौटने का रास्ता साफ हुआ है।बता दें कि टी20 विश्व कप 2026 में जिम्बाब्वे की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया था और टूर्नामेंट में कुछ बड़ी टीमों को चौंकाया भी था। टीम ने ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका जैसी मजबूत टीमों को हराकर सुपर एट तक जगह बनाई थी। हालांकि इसके बाद टीम आगे नहीं बढ़ सकी और पिछले सप्ताह टूर्नामेंट से बाहर हो गई। गौरतलब है कि इस हवाई व्यवधान का असर केवल जिम्बाब्वे टीम तक सीमित नहीं रहा।

# टीम इंडिया का महारिकार्ड, नाकआउट मैचों में सबसे बड़ा स्कोर बनाकर रचा इतिहास

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर 253 रन का बड़ा स्कोर बनाया है। इस स्कोर के साथ टीम इंडिया वर्ल्ड कप के इतिहास में नॉकआउट मुकाबोंमें सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाली टीम बन गई है। टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया ने इतिहास रच दिया है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर 253 रन का बड़ा स्कोर बनाया है। इस स्कोर के साथ टीम इंडिया वर्ल्ड कप के इतिहास में नॉकआउट मुकाबोंमें सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाली टीम बन गई है। आजतक ऐसा कोई और टीम नहीं कर पाई है।भारत ने 253 रनों का स्कोर खड़ा किया जो टी20 वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबलों में किसी भी टीम द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा टोटल स्कोर है। इससे पहले वेस्टइंडीज की टीम ने साल 2012 के टी20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नॉकआउट मुकाबले में 205 रन बनाए थे। भारत और वेस्टइंडीज के बाद तीसरी टीम ऑट्रेलिया है। जिन्होंने साल 2010 के वर्ल्ड कप में पाकिस्तानी गेंदबाजों की जमकर धुनाई की थी और 197 रन बनाए थे। लिस्ट में चौथे




नंबर पर वेस्टइंडीज है, जिसमें साल 2016 के टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय टीम और दर्शकों 196 रन चेज करके रुला दिया था। टी20 वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबलोंमें सबसे बड़ा टोटल बनाने वाली टीमभारत– 253 बनाम इंग्लैंड वेस्टइंडीज– 205 बनाम ऑस्ट्रेलियाऑस्ट्रेलिया– 197 बनाम पाकिस्तान वेस्टइंडीज–196 बनाम भारत भारत– 192 बनाम वेस्टइंडीज

# भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में की एंट्री, सेमीफाइनल में इंग्लैंड को दी मात

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 253 रन बनाए। टीम के लिए संजू सैमसन ने सबसे बड़ी पारी खेलते हुए 42 गेंदों में 8 चौके और 7 छक्कों की मदद से 89 रन बनाए। इसके अलावा शिवम दुबे, ईशान किशन, हार्दिक पंड्या और तिलक वर्मा ने भी बेहतरीन पारियां खेलकर इंग्लैंड के गेंदबाजों को खूब परेशान किया।भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में एंट्री कर ली है। टीम इंडिया ने दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को सात रन से मात दी। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान 253 रन बनाए, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने जैकब बेथल की शतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में सात विकेट खोकर 246 रन बनाए। जैकब ने इस दौरान 105 रन की बेहतरीन पारी खेली। वही भारत के लिए संजू सैमसन ने बेहतरी और अहम 89 रन की पारी खेली। इसके अलावा शिवम दुबे ने 43, जबकि ईशान किशन ने 39 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से विल जैक्स और आदिल रशिद ने दो–दो विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने पावरप्ले




में ही तीन विकेट गंवा दिए। सलाम बल्लेबाज फिल सॉल्ट तीन गेंद में पांच रन ही बना सके। कप्तान हैरी ब्रूक 6 गेंद में सात रन बनाकर आउट हुए। टॉम बैंटन 5 गेंद में 17 रन ही बना सके। विल जैक्स ने 20 गेंद में 35 रन बनाए।

# वेस्टइंडीज के कोच डैरेन सैमी है बेहद परेशान, क्यों लगा रहे मदद की गुहार

मिडल–ईस्ट में खराब हालातों के कारण से वेस्टइंडीज की टीम भारत में ठहरने को मजबूर है और कोच डैरेन सैमी ने सोशल मीडिया पर एक भावुक संदेश शेयर किया कि वो और उनकी टीम घर लौटने की अनुमति मिलने का इंतजार कर रही है। सैमी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि वो सिर्फ घर जाना चाहते हैं।अमेरिका–इजरायल और ईरान के बीच चल रही जंग के कारण क्रिकेट टीमों के लिए घर जा पाना मुश्किल हो रहा है। मिडल–ईस्ट में खराब हालातों के कारण से वेस्टइंडीज की टीम भारत में ठहरने को मजबूर है और कोच डैरेन सैमी ने सोशल मीडिया पर एक भावुक संदेश शेयर किया कि वो और उनकी टीम घर लौटने की अनुमति मिलने का इंतजार कर रही है। सैमी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि वो सिर्फ घर जाना चाहते हैं। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के हेड कोच डैरेन सैमी ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट करके लिखा कि, मैं बस घर



जाना चाहता हूं। जाहिर है सैमी समेत वेस्टइंडीज के अन्य खिलाड़ी भी घर लौटने को बेताब होंगे। क्रिकेट वेस्टइंडीज का कहना है कि वो खिलाड़ियों की सुरक्षित यात्रा के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और संबंधित सरकारी अधिकारियोंके साथ मिलकर काम कर रहा है।

# भारी घाटे के बीच IKEA India का बड़ा दांव, 25 नए Stores खोलकर 2028 तक मुनाफे में आने का Master Plan

स्वीडिश फर्नीचर कंपनी आइकिया ने वित्त वर्ष 2027–28 तक भारतीय परिचालन को मुनाफे में लाने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए, कंपनी अगले 4–5 वर्षों में 25 नए छोटे और मध्यम आकार के स्टोर खोलने की योजना बना रही है, जिससे राजस्व बढ़ाने और लागत कम करने में मदद मिलेगी।स्वीडन की दिग्गज फर्नीचर खुदरा विक्रेता आइकिया भारत में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है। कंपनी को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2027–28 के अंत तक भारत में उसका परिचालन मुनाफे में आ जाएगा। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि अगले चार–पांच वर्षों में 25 नए छोटे और मध्यम आकार के स्टोर खोलने की




योजना है। आइकिया इंडिया के सीईओ पैट्रिक एंटोनी ने पीटीआई– को बताया कि मुनाफे में आने का लक्ष्य कुल राजस्व बढ़ाकर, अधिक स्टोर खोलकर, स्थाई लागत कम करके और परिचालन दक्षता में सुधार करके हासिल किया जाएगा।कंपनी स्थानीय स्तर पर सोर्सिंग बढ़ाने पर भी जोर दे रही है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य वित्त वर्ष 2027–28 के अंत तक मुनाफे में आने का है। इसके लिए आइकिया भारत में कई मोर्चों पर काम कर रही है, जिसमें स्टोर के अनुभव को बेहतर बनाना और ग्राहकों के लिए बेहतर समाधान तैयार करना शामिल है। एंटोनी के अनुसार कंपनी के लिए भारत शीर्ष तीन प्राथमिकता वाले देशों में से एक है। आइकिया इंडिया का कुल घाटा वित्त वर्ष 2024–25 में बढ़कर 1,299.4 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि परिचालन राजस्व 3.33 प्रतिशत घटकर 1,749.50 करोड़ रुपये रहा।

# फिल्म भूत बंगला के पहले गाने रामजी आके भला करेंगे का टीजर रिलीज, भूत, मस्ती और ओजी स्वैग संग अक्षय ने की वापसी

भूत बंगला 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जो 14 साल बाद बॉलीवुड के दो दिग्गजों अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी को वापस साथ ला रही है. बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म ने उन दर्शकों के बीच जबरदस्त एक्साइटमेंट पैदा कर दी है, जो इस जोड़ी की कल्ट कॉमेडी फिल्में देखकर बड़े हुए है.

इस चर्चा को और बढ़ाते हुए, मेकर्स ने फिल्म के पहले गाने रामजी आके भला करेंगे का टीजर रिलीज कर दिया है, जो उस पागलपन और कॉमेडी की एक झलक देता है जिसका फैंस को बेसब्री से इंतजार था. टीजर में अक्षय कुमार अपने पुराने और असली अंदाज में नजर आ रहे हैं, जो दर्शकों को याद दिलाता है कि आखिर क्यों वो बॉलीवुड के सबसे एंटरटेनिंग कलाकारों में से एक माने जाते हैं.यह पेप्पी और हाई–एनर्जी गाना अपनी वाइब्रेंट विजुअल्स, कैची बीट्स और अक्षय की सिग्नेचर कॉमिक टाइमिंग से भरपूर है. प्रीतम द्वारा कंपोज किए गए और कुमार के लिखे इस गाने को देव अरिजीत ने गाया है, साथ ही मेलो डी का लिखा और परफॉर्म किया गया रैप सेगमेंट इस गाने को ऐसा बना देता है जिसे आप स्किप नहीं कर पाएंगे.

यह टीजर सिर्फ एक गाने की झलक भर नहीं है, बल्कि एक लेजेंड्री क्रिएटिव जोड़ी की वापसी का संकेत है. भूत बंगला के साथ, अक्षय कुमार और प्रियदर्शन अपनी वही जानी–पहचानी कॉमिक पागलपन वापस लाने का वादा कर रहे हैं, जो दर्शकों को पुरानी यादों, हंसी और उस बड़े पर्दे के मनोरंजन से सराबोर कर देगी जिसका उन्हें लंबे समय से इंतजार था.बालाजी मोशन पिक्चर्स (बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक डिवीजन) और केप ऑफ गुड फिल्म्स साथ मिलकर पेश कर रहे हैं भूत बंगला, जिसमें अक्षय कुमार, वामीका गब्बी, परेश रावल, तब्बू और राजपाल



यादव जैसे कलाकार नजर आएंगे.प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित इस फिल्म को अक्षय कुमार, शोभा कपूर और एकता आर कपूर ने प्रोड्यूस किया है. यह फिल्म 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है.

# द पैराडाइज का गाना आया शेर रिलीज, अनिरुद्ध की दमदार धुन ने नानी के मास अवतार को और भी बेहतर बना दिया

द पैराडाइज के मेकर्स ने फैंस के लिए एक बड़ा तोहफा दिया है, जिसका बहुत इंतजार था, आया शेर गाना पूरी तरह रिलीज हो गया है, और यह तुरंत सोशल मीडिया पर छा गया है। इस हाई–एनर्जी ट्रैक में नानी को बिल्कुल नए, रफ एंड टफ अवतार में दिखाया गया है, जो फिल्म के 1960 के दशक के गैंगस्टर बैकग्राउंड से पूरी तरह मेल खाता है। पहली बीट से ही, यह गाना एक जबरदस्त मास मूड बनाता है और किरदार जदल को एक मजबूत ऊंचाई देता है। कैची हुक लाइन और रॉ लिरिक्स सीटी बजाने लायक वाइब को और बढ़ाते हैं, जिससे यह साफ हो जाता है कि यह गाना बड़े पर्दे और उन फैंस के लिए बनाया गया है जो बड़े–से–बड़े पलों का आनंद लेते हैं।अनिरुद्ध रविचंदर का बनाया यह गाना अपबीट बीट्स से भरा है और इसमें एक जबरदस्त बैकग्राउंड स्कोर भी है जो मूड सेट करता है। गाने में नानी के पावर–पैक्ड डांस मूव्स, किलर बॉडी एक्सप्रेशन और मास मेकओवर आपके रोंगटे खड़े कर देंगे। गाने में सुंदर की मास कोरियोग्राफी भी है, जिसमें कुछ बदलते पैटर्न और पावर–पैक्ड मूव्स हैं जो कैरेक्टर के उदय और बिल्ड–अप को दिखाते हैं। यह गाना मजबूत लीड के लिए एक कैरेक्टर इंट्रोडक्शन का काम करता है और न केवल एक कैच वाला गाना लगता है।मेकर्स ने इस गाने को रामोजी फिल्म सिटी में सैकड़ों डांसर्स और एक बड़े सेट के साथ बड़े लेवल पर बनाया, जो उस जमाने का माहौल बनाता है। हर फ्रेम फिल्म के स्केल और द पैराडाइज की दुनिया को डिजाइन करने में की गई मेहनत को दिखाता है। नानी की वॉरियर जैसी स्टाइलिंग और रॉ स्क्रीन प्रेजेंस उनके पहले के रोल्स से एक साफ बदलाव दिखाते हैं, जो उन्हें ज्यादा इंटेंस और मैसी जोन में दिखाते हैं। साथ आ रही है, जिससे उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं। इस प्रोजेक्ट में मोहन बाबू भी एक अहम रोल में हैं। अब इसकी रिलीज 21 अगस्त तक बढ़ा दी गई है, और फिल्म एक ग्रैंड मल्टीलिंगुअल



विजुअल्स, कॉस्ट्यूम्स और लाइटिंग मिलकर गाने को फैंस के लिए एक असली फेस्टिवल जैसा फील देते हैं। श्रीकांत ओडेला के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में दशहरा की सफल जोड़ी फिर से लॉन्च के लिए तैयार है। आया शेर को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, द पैराडाइज को लेकर हाइप एक नए लेवल पर पहुँच गई है।

# फिल्म सूबेदार का पहला गाना लल्ला जारी, रौब जमाते अनिल कपूर का अंदाज देखने लायक

लल्ला एंथमरू ए वार्निंग फ्रॉम सूबेदार को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, प्राइम वीडियो और टी–सीरीज ने आज अपनी आने वाली ओरिजिनल फिल्म सूबेदार के ऑफिशियल सॉन्ग वीडियो लल्ला को रिलीज कर दिया है. इस फिल्म में अनिल कपूर लीड रोल में हैं. यह गाना पूरी तरह से जोश और शानदार विजुअल्स से भरपूर है, जो सूबेदार अर्जुन मौर्य की ताकत, गर्व और उनके अटूट उसूलों को बखूबी दिखाता है. रोहन–विनायक के म्यूजिक और ऋषि उपाध्याय के लिखे इस गाने को विशाल ददलानी ने अपनी आवाज दी है. यह ट्रैक फिल्म की कहानी के बीच चल रहे तनाव और टकराव को एक म्यूजिकल मुकाबले के जरिए पेश करता है. वैसे भी सूबेदार में अनिल कपूर सनी देओल जैसा एक्शन दिखा रहे हैं.लल्ला



गाने की धुन और उसकी रफ्तार पर्दे पर बढ़ते तनाव को बखूबी दिखाती है, जिसमें फिल्म के कुछ दमदार और रफ–टफ सीन्स की झलकियां भी देखने को मिलती हैं. वीडियो में आदित्य रावल, सौरभ शुक्ला, फैसल मलिक, मोना सिंह और राधिका मदान के किरदारों की प्रभावशाली झलकियां दिखाई गई हैं जो सूबेदार अर्जुन मौर्य (अनिल कपूर) की कहानी और उनके इमोशनल सफर को और भी गहरा बनाती हैं. लल्ला सॉन्ग के सिंगर विशाल ददलानी ने कहा, जब लल्ला पहली बार एंथम के तौर पर आया था, तो लोग इसकी एनर्जी से तुरंत जुड़ गए थे. लेकिन एक पूरे गाने के रूप में यह और भी गहरा है, और मुझे इसकी सधी हुई इंटेंसिटी ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया. ध्यह अपनी जगह पर डटे रहने और अपनी पहचान बनाए रखने की भावना को समेटे हुए है. रिकॉर्डिंग के दौरान, मैं चाहता था कि मेरी आवाज उस मजबूती और संकल्प से मेल खाए, जो अनिल सर स्क्रीन पर लेकर आए हैं. यह गाना उसी भरोसे को दिखाता है, यह जितना दबदबे के बारे में है, उतना ही अंदरूनी ताकत के बारे में भी है.सूबेदार का प्रीमियर 5 मार्च को खास तौर पर प्राइम वीडियो इंडिया पर होने जा रहा है. यह फिल्म भारत के साथ–साथ दुनिया भर के 240 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों में हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज की जाएगी.

# जतिन सरना की फिल्म ना जाने कौन आ गया का टीजर रिलीज, रिलीज तारीख भी जारी

सैफ अली खान की वेब सीरीज सेक्रेड गेम्स में नजर आ चुके अभिनेता जतिन सरना की आगामी फिल्म ना जाने कौन आ गया का टीजर जारी कर दिया गया है। इसी के साथ फिल्म की रिलीज तारीख से पर्दा भी उठा दिया गया है। फिल्म का निर्देशन विकास अरोरा ने किया है, जबकि निर्माण विपुल धवन और पूजा अरोरा ने मिलकर किया है। फिल्म में मधुरिमा रॉय और प्रणय पचौरी भी मुख्य किरदार में हैं। ना जाने कौन आ गया का टीजर 1 मिनट 10 सेकंड लंबा है जिसमें आज के समय के रिश्तों को टटोलती भावनाओं और एहसास को दर्शाया गया है। हाल ही में, निर्माताओं ने फिल्म का पोस्टर जारी किया था और अब टीजर जिसने फैंस को उत्साहित कर दिया है। फिल्म की शूटिंग उत्तराखंड की खूबसूरत जगहों पर की गई है, जिसमें भीमताल और नैनीताल शामिल हैं। यह फिल्म 6 मार्च, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है।फिल्म रिश्तों की उस सच्चाई को दिखाती है जहां भरोसा कमजोर होता है, प्यार पजेशन में बदल जाता है और दिल टूटने के बाद इंसान खुद से भी दूर हो जाता है. टीजर में आगे कई दमदार और भावुक सीन दिखते हैं. एक जगह मधुरिमा रॉय का किरदार पूछता दिखती है. इसमें रोमांटिक सीन,



है, क्या हम लोग सही कर रहे हैं? इसके बाद कहानी तेजी से आगे बढ़ती है और प्यार, जुनून और गुस्से की टक्कर साफ दुख भरे पल और झगड़े के दृश्य भी नजर आते हैं, जहां बदले की आग भी महसूस होती है.

# सरगुन मेहता ने प्रेग्नेंसी की खबरों पर लगाया विराम, अफवाह उड़ाने वालों की लगाई क्लास

सोशल मीडिया पर अक्सर सेलेब्रिटीज की निजी जिंदगी को लेकर बिना आधार की अफवाहें फैल जाती हैं, जो कि उनकी निजी जिंदगी को परेशान करने लगी हैं। ऐसा ही कुछ कई समय से टीवी–पंजाबी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री सरगुन मेहता और उनके पति रवि दुबे के साथ हो रहा था। दरअसल, पिछले काफी समय से सोशल मीडिया पर लगातार यह खबरें फैल रही थीं कि सरगुन मेहता प्रेग्नेंट हैं। इन अफवाहों की वजह से फैंस में काफी उत्साह था, लेकिन कपल की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई। अभिनेत्री सरगुन ने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इस मामले पर विराम लगा दिया है। उन्होंने एक नोट शेयर किया, जिसमें अभिनेत्री ने खंडन करते हुए लिखा, अफवाह फैलाने वालों को तो पिछले 2 साल से मेरी प्रेग्नेंसी के बारे में मुझसे पहले ही सब पता चल जाता है। उनके अनुसार मैं पिछले 2 साल से प्रेग्नेंट हूं। भला, इतनी लंबी प्रेग्नेंसी किसी की होती भी है क्या?

अभिनत्री ने आगे लिखा, प्लीज शांत रहें और बिना किसी आधार की खबरें फैलाना बंद करें। कोई भी खबर फैलाने से पहले हमसे या हमारी टीम



से एक बार पूछ लेना ज्यादा मुश्किल नहीं है, ताकि सही जानकारी सामने आ सके।

अभिनेत्री सरगुन मेहता ने नोट शेयर कर लिखा, आपको ऐसी प्रेग्नेंसी के बारे में कैसे पता चल गया, जिसके बारे में मुझे और रवि को ही कोई जानकारी नहीं है? प्लीज ऐसी अफवाहें फैलाना बंद करें।

अभिनेत्री के पोस्ट शेयर करने के बाद कई यूजर्स और दोस्तों ने प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री गौहर खान ने कमेंट बॉक्स में हाथ जोड़ते हुए प्रतिक्रिया दी, तो सरगुन के पति रवि दुबे ने लिखा, क्या कैप्शन है।

सेलेब्स को अपनी निजी जिंदगी को लेकर बार–बार ऐसे झूठे दावों का सामना करना पड़ता है। इससे पहले कई सेलेब्स इस तरह की झूठी अफवाहों का सामना कर चुके हैं। अभिनेत्री रीम शेख की भी शादी की खबरें उड़ी थीं। दरअसल, लाफ्टर ज्वाइन करने से पहले उनका नाम कंटेंट क्रिएटर कृष गुप्ता के साथ जुड़ा था। साथ ही, यह दावा भी किया गया था कि वे जल्द ही उनसे शादी करने वाली हैं।

# दिव्या दत्ता की चिरैया का टीजर आउट, घर में होने वाले अन्याय पर उठाएगी सवालय जियो हाटस्टार पर स्ट्रीम होगी सीरीज?

दिव्या दत्ता की नई वेब सीरीज चिरैया का टीजर आ गया है। यह टीजर भारतीय घरों में होने वाले अन्याय पर सवाल उठाता है। जानें कहां देख सकेंगे सीरीज।कुछ ही देर पहले नई सीरीज चिरैया का टीजर रिलीज हुआ है। इस सीरीज की शुरुआत एक शादी के खुशी भरे मंजर से होती है। एक नई दुल्हन, पूजा, बेहतर जिंदगी की उम्मीद के साथ नया जीवन शुरू करती दिखती है। लेकिन अचानक एक डरावना मोड़ सामने आता है, जिसमें दुल्हन को छत पर उदास और सदमे में दिखाया जाता है। उसके चेहरे पर आंसू हैं और शरीर पर चोट के निशान दिखते हैं। जिसे देखकर दिव्या दत्ता भी चौंक जाती हैं।सीरीज की कहानी के बारे में बता करें तो यह शादी के जश्न के पीछे एक कड़वी सच्चाई के बारे में है। यह सीरीज सवाल उठाती है कि क्या शादी के बाद अगर पति अपनी पत्नी पर किसी भी तरह का दबाव डाले, तो क्या यह सही है? शादी कोई लाइसेंस नहीं है और हर बार चुप रहना का मतलब हां नहीं होता।रिपोर्ट के अनुसार, अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने चिरैया को लेकर कहा कि इस किरदार को निभाते हुए उन्हें रिश्तों की कड़वी हकीकत का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया, हम अक्सर रिश्ते बचाने या शांति बनाए रखने के नाम पर खुद को चुप कर लेते हैं। शादी को बिना सवाल किए सहमति मान लिया जाता है और त्याग को इतना रोमांटिक बना दिया जाता है कि दर्द गायब हो जाता है। यह हानी सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम गलत को देखकर चुप रहें या सही के लिए आवाज उठाएं।चिरैया वेब सीरीज शशांत अलावा संजय मिश्रा, सिद्धार्थ शॉ, प्रसन्ना बिष्ट, फैसल राशिद, टीनू



शाह के निर्देशन में बनी है और एसवीएफ एंटरटेनमेंट ने इसे बनाया है। इसमें दिव्या दत्ता के आनंद, सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं। चिरैया जल्द ही जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

# ओ रोमियो ने 12 दिनों में दुनियाभर से बटोरे 92 करोड़, जानिए भारत में कुल कमाई

शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की फिल्म ओ रोमियो 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। शुरुआती कुछ दिनों तक इसने बॉक्स ऑफिस पर अपनी मजबूत पकड़ बनाकर रखी थी, लेकिन बाद में आंकड़ों में गिरावट आनी शुरू हो गई। दर्शकों और समीक्षकों से मिली–जुली प्रतिक्रिया मिलने के बाद यह फिल्म लोगों को सिनेमाघरों तक खींचने में भी नाकामयाब दिख रही है। आइए जानते हैं कि ओ रोमियो के लिए 12वां दिन कमाई के मामले में कैसा रहा। विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित ओ रोमियो ने पहले हफ्ते में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, रिलीज के 11वें दिन इसने 1.6 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, वहीं 12वें दिन इसने 1.65 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इस तरह फिल्म का कुल कलेक्शन 59.05 करोड़ रुपये हो गया है।रिपोर्ट के अनुसार, कम कमाई के बावजूद विशाल ने ओ रोमियो को अपनी



सबसे सफल फिल्मों में से एक बताया है। ओ रोमियो को भारत में भले कम कमाई का मुंह देखना पड़ा हो, लेकिन दुनियाभर में इसने अपनी लाज बचाई है। फिल्म ने अब तक करीब 92 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। उम्मीद है कि आंकड़ा जल्द 100 करोड़ के पार पहुंच जाएगा। बता दें कि शाहिद और तृप्ति के अलावा, फिल्म में कई सारे सितारों की टोली है। नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया, विक्रांत मैसी और फरीदा जलाल इसका हिस्सा हैं।

# छोटे शो और ढलते करियर के तानों परगोविंदा का करारा जवाब, सोशल मीडिया किसी के कंट्रोल में नहीं

एक्टर गोविंदा ने हाल ही में प्रतापगढ़ में स्कूल इवेंट्स में अपने परफॉर्मेंस को लेकर हो रही चर्चा पर बात की, जब उनके डांस रूटीन के वीडियो ऑनलाइन वायरल हो गए थे। बॉलीवुड के चीची यानी गोविंदा अपनी बेबाक शैली और शानदार डांस के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर उनके कुछ वीडियो वायरल हुए, जिनमें वे उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में स्कूल इवेंट्स में परफॉर्म करते नजर आए। जहां उनके फैंस ने उनके उत्साह की सराहना की, वहीं कुछ आलोचकों ने इसे श्करियर का ढलानश और श्छोटे शोश कहकर उनका मजाक उड़ाया। अब गोविंदा ने इन बातों पर चुप्पी तोड़ते हुए सीधा जवाब दिया है।एक्टर गोविंदा ने हाल ही में प्रतापगढ़ में स्कूल इवेंट्स में अपने परफॉर्मेंस को लेकर हो रही चर्चा पर बात की, जब उनके डांस रूटीन के वीडियो ऑनलाइन वायरल हो गए थे। जनवरी में हुए इन इवेंट्स में उनके एनर्जेटिक मौजूदगी के लिए फैंस ने उनकी तारीफ की, लेकिन कुछ लोगों ने उनकी आलोचना भी की,।

# अभिनेती सम्युक्ता का सबसे दमदार रूप स्वयंभू के टीजर में वारियर अवतार ने मचाया तहलका

अपनी पिछली फिल्मों की कामयाबी पर सवार सम्युक्ता ने स्वयंभू के टीजर में ऐसा पावरफुल इम्पैक्ट छोड़ा है कि नजर हटाना मुश्किल हो जाए। इस बार वो नजर आती हैं एक भयंकर योद्धा के रूप में, जो अफरातफरी को चीरते हुए पूरे कॉन्फिडेंस और इंटेंसिटी के साथ आगे बढ़ती है। गूंथी हुई चोटी, युद्ध के लिए तैयार तेवर, और रफ–टफ योद्धा वेशभूषा में सम्युक्ता कच्ची ताकत और अटूट इरादे का प्रदर्शन करती दिखती हैं। उनका किरदार शब्दों से नहीं, एक्शन से बोलता है और हर फ्रेम ये इशारा देता है कि वो अपने करियर के सबसे साहसी क्रिएटिव फेज में कदम रख चुकी हैं। ये भूमिका इसलिए भी खास लगती है क्योंकि इससे पहले उनका परफॉर्मेंस ट्रैक रिकॉर्ड बेहद मजबूत रहा है। भीमला नायक में उन्होंने अपनी दमदार मौजूदगी से सबको प्रभावित किया, बिम्बिसार में पौराणिक दुनिया को एक्सप्लोर किया, विरुपाक्ष में थ्रिल का तड़का लगाया और सर में जमीन से जुड़ा अभिनय पेश किया। अब स्वयंभू में ऐसा लगता है जैसे इन सभी अनुभवों का संगम दिख रहा हो और सम्युक्ता खुद का और भी ताकतवर संस्करण बनकर सामने आई हों।टीजर में वो एक निडर और बेखौफ योद्धा के रूप में दिखती हैं, जो जेंडर की तय सीमाओं को चुनौती देते हुए तीखे एक्शन सीक्वेंस में कमान अपने हाथ में लेती है। कभी धनुष–बाण साधती हुई, तो कभी तलवार लहराती हुई कृ हर सीन इस बात का सबूत है कि इस किरदार के लिए उन्होंने जबरदस्त शारीरिक ट्रेनिंग और तैयारी की है।सम्युक्ता कहती हैं, स्वयंभू मेरे दिल के बेहद करीब है क्योंकि मैंने हमेशा ऐसे किरदार चुने हैं जो मुझे मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर ले जाएं। इस भूमिका ने मुझे शारीरिक और मानसिक, दोनों स्तर पर ऐसी चुनौती दी जैसा पहले कभी महसूस नहीं किया। एक गांव की महिला की आत्मा और शक्ति को समझने से लेकर घुड़सवारी और तीरंदाजी की कड़ी ट्रेनिंग तक, ये सफर बेहद गहन और परिवर्तनकारी रहा। इस किरदार में वो सब कुछ है जिसका एक अभिनेता सपना देखता है कृ ताकत, संवेदनशीलता और एक मजबूत आवाज। इस उग्र योद्धा रूप में ढलना मेरे करियर के



सबसे संतोषजनक अनुभवों में से एक रहा है। स्वयंभू के अलावा भी सम्युक्ता के पास कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स लाइनअप में हैं, जहां वो अपनी बढ़ती रेंज दिखाती नजर आएंगी। जल्द ही वो ब्लैक गोल्ड में एक सशक्त पुलिस अधिकारी के रूप में फिल्म को लीड करेंगी और साथ ही पुरी जगन्नाध

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।